# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 6 जनवरी 2024





भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 की सफलता के बाद एक और कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने ईंधन सेल का सफल ट्रायल किया है। इससे भविष्य में अंतरिक्ष से जुड़े अभियानों को लेकर प्रणालियों के डिजाइन के लिए आंकड़ें एकत्रित करने में मदद मिलेगी। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि केवल पानी का उत्सर्जन करने वाली ये ईंधन सेल अंतरिक्ष में बिजली उत्पादन का भविष्य है। इससे निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में स्पेस कैंपेन को बढ़ावा मिलेगा।

# इसरो का एक और कमाल, ईंधन सेल तकनीक का ट्रायल सफल

## चंद्रयान-3 के बाद एक और बड़ी कामयाबी, अंतरिक्ष से जुड़े अभियानों को लेकर आंकड़ें जुटाने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म पोअम 3 में 100 वॉट वर्ग की पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल आधारित पावर सिस्टम का सफल ट्रायल किया। पोअम 3 का पीएसएलवी-सी58 से 1 जनवरी को प्रक्षेपण किया गया था। इसरो ने एक बयान में कहा, 'इस प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल के संचालन का आकलन करना है। साथ ही भविष्य के अभियानों के लिए प्रणालियों के डिजाइन की सुविधा के लिए आंकड़ें एकत्रित करने हैं।' पोअम (पीएसएलवी कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल) में छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान उच्च दाब वाले कंटेनर में रखी हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की गई।

- बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, ये ईंधन सेल अंतरिक्ष में बिजली उत्पादन का भविष्य



### हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से बिजली उत्पन्न करने की क्षमता

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, 'इसने विभिन्न स्थैतिक और गतिशील प्रणालियों के प्रदर्शन पर प्रचुर मात्रा में डेटा मुहैया कराया जो बिजली प्रणाली और भौतिकी का हिस्सा थे।' हाइड्रोजन ईंधन सेल शुद्ध जल और ऊष्मा के साथ ही सीधे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से बिजली उत्पन्न करते हैं। ईंधन सेल को आज इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों में इंजन के स्थान पर सबसे उचित विकल्प माना जाता है। इसरो ने कहा कि ईंधन सेल अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक आदर्श ऊर्जा स्रोत है, क्योंकि यह बिजली और शुद्ध जल दोनों उपलब्ध कराता है।

### गगनयान समेत भविष्य के मिशन में अहम

इसरो ने बताया, इस परीक्षण का उद्देश्य अंतरिक्ष में तकनीक का परीक्षण करना, डाटा इकट्ठा करना और इस डाटा की मदद से भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के डिजाइन में फ्यूल सेल तकनीक को लेकर जरूरी बदलाव करना है। फ्यूल सेल तकनीक एक इलेक्ट्रिक जेनरेटर है, जो इलेक्ट्रोकेमिकल सिद्धांत पर काम करता है। खासकर गगनयान मिशन में जब भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में रहकर कई दिनों तक परीक्षण करेंगे तो उस स्थिति में फ्यूल सेल तकनीक की मदद से ही इलेक्ट्रिक पावर, पीने का पानी और ऊर्जा पैदा की जाएगी।

### वाहनों में भी इस्तेमाल हो सकती है फ्यूल सेल तकनीक


फ्यूल सेल तकनीक के फायदों के देखते हुए ही अब वाहनों में भी बैट्रीज की जगह इसी तकनीक का इस्तेमाल करने पर विचार किया जा रहा है। इससे ना सिर्फ पारंपरिक इंजनों को जल्द रिचार्ज किया जा सकेगा, साथ ही इससे वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर भी बहुत हद तक काबू पाया जा सकेगा।

---

दक्षिण चीन सागर में तनाव

# चीन ने अमेरिकी नौसेना के युद्धाभ्यास में घुसाए युद्धपोत

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



चीन ने दक्षिण चीन सागर में एक बार फिर दादागिरी दिखाई है। गुरुवार को चीनी युद्धपोत दक्षिण चीन सागर के उस इलाके में पहुंचे, जहां अमेरिका और फिलीपींस युद्धाभ्यास कर रहे थे। चीन ने इसे नियमित अभ्यास बताया है, वहीं अमेरिका ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। आम तौर पर विदेशी युद्धपोत उन इलाकों से दूर रहते हैं, जहां दूसरे देश युद्धाभ्यास करते हैं। चीन दक्षिण चीन सागर के 90 प्रतिशत से अधिक इलाकों पर अपना दावा करता है। हालांकि, चीन के इस दावे को फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम नहीं मानते हैं। इस कारण अमेरिका भी नेविगेशन की स्वतंत्रता के दावे के तहत नियमित रूप से अपना युद्धपोत भेजता रहता है।

**चीनी नौसैना ने बताया नियमित ऑपरेशन :** गश्त का जिक्र करते हुए, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बुधवार और गुरुवार को नियमित ऑपरेशन का उद्देश्य पीआरसी की संप्रभुता, सुरक्षा और समुद्री अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा करना था। पीएलए ने कहा कि उसकी सेनाएं हाई अलर्ट पर हैं और दक्षिण चीन सागर में गड़बड़ी पैदा करने वाली और फ्लैशप्वाइंट बनाने वाली किसी भी सैन्य गतिविधि के बारे में पूरी तरह से जागरूक और तैयार हैं। चीनी सेना ने गश्त के सटीक स्थान या इसमें शामिल विमानों और युद्धपोतों के प्रकार के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

### अभ्यास कर रहे अमेरिका फिलीपींस

मनीला ने फिलीपींस-अमेरिका अभ्यास में भाग लेने के लिए चार नौसैनिक जहाजों, साथ ही मल्टी पर्पज और पनडुब्बी रोधी हेलीकॉप्टरों को दक्षिण चीन सागर में भेजा है। यह एक महीने से भी कम समय में इस तरह का दूसरा अभ्यास है। इस अभ्यास में अमेरिकी नौसेना का एक विमानवाहक पोत, एक क्रूजर, दो विध्वंसक और एक मल्टीरोल फाइटर जेट भेजा। यह युद्धाभ्यास चीन और फिलीपींस के बीच जारी तनाव के दौरान हो रहा है। हाल में ही इन दोनों देशों के बीच दक्षिण चीन सागर के द्वीपों को लेकर टकराव काफी बढ़ गया है।

---

निज्जर की हत्या वाली जगह में लगातार किया जा रहा परेशान

# भारतीयों को 'खालिस्तानी' दे रहे हैं धमकी, आ रहे जबरन वसूली के कॉल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल कनाडा के जिस प्रांत में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी वहां अब भारतीयों को सताया जाने लगा है। खुद भारत पर सरकार ने इसका संज्ञान लिया है। यहां भारतीयों को जबरन वसूली को लेकर फोन किए जा रहे हैं। मामला कनाडाई प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया का है। गौरतलब है कि पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के एक शहर सरे में अज्ञात बंदूकधारियों ने निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कनाडाई सरकार ने इसका आरोप भारत सरकार के एजेंटों पर लगाया है। भारत ने इसे बेतुका बताकर खारिज कर दिया था। अब भारत ने उन खबरों को "गंभीर चिंता का विषय" बताया जिनमें कहा गया था कि कनाडाई प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया में भारतीय समुदाय के कुछ सदस्यों को "जबरन वसूली की कॉल" की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में आई। उन्होंने कहा, "यह चिंता का विषय है...लोगों, विशेषकर भारतीय नागरिकों को जबरन वसूली के कॉल आना गंभीर चिंता का विषय है।"

- भारत सरकार ने संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया



### भारत का जोर

जायसवाल ने कहा, भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि कनाडा के साथ उसका "मुख्य मुद्दा" उस देश में अलगाववादियों, आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों को दिए गए आश्रय का है। "हमारे पास (कनाडा के साथ) चर्चा करने के लिए कई मुद्दे हैं। हम सुरक्षा स्थितियों आदि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। एक मंदिर के बारे में एक मुद्दा था जिस पर हमला किया गया था। इसके बाद कनाडाई पुलिस ने मंदिर परिसर की जांच की।" उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने बाद में एक बयान जारी कर कहा कि जिस व्यक्ति ने घुसपैठ की थी, उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। जायसवाल ने इस बात पर जोर देने के लिए उदाहरण दिया कि कनाडा के साथ कुछ मुद्दों पर चर्चा होनी है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के इस महीने भारत की पहली यात्रा करने की परंपरा के खिलाफ चीन की यात्रा करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर, जायसवाल ने कहा कि यह निर्णय द्वीपीय राष्ट्र को लेना है।

### दोनों देशों के रिश्तों में तनाव

*सरे शहर में 18 जून को एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की "संभावित" संलिप्तता के सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के आरोपों के बाद भारत-कनाडा संबंध गंभीर तनाव में आ गए। नई दिल्ली ने टूडो के आरोपों को "बेतुका" और "प्रेरित" बताकर खारिज कर दिया और कनाडा पर भारत को निशाना बनाने वाले खालिस्तानी चरमपंथियों को प्रश्रय देने का आरोप लगाया।*

---

सजा के खिलाफ अपील के लिए बढ़ाई मियाद

# कतर में बंद पूर्व नौसैनिकों को मिली 60 दिनों की मोहलत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हाल ही में कतर की अदालत ने 8 पूर्व भारतीय नौसेनिकों की मौत की सजा को घटा दिया था। वे सभी कतर की जेल में बंद हैं। अब जेल की सजा के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अदालत ने उनकी मौत की सजा को कम कर दिया लेकिन उनके खिलाफ 'जासूसी' के आरोपों को बरकरार रखा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह अगली कार्रवाई तय करने के लिए कानूनी टीम और परिवार के सदस्यों के संपर्क में है। टीम के पास कतर की सर्वोच्च अदालत, कैसेशन कोर्ट में अपील दायर करने का विकल्प है।

इससे पहले कतर की अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की मौत की सजा को कम कर दिया था और उन्हें अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। यह फैसला भारतीय नागरिकों के परिवारों के सदस्यों द्वारा एक अन्य अदालत के पहले के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के कुछ सप्ताह बाद आया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारतीय नागरिकों की कानूनी टीम को अदालत के आदेश की एक प्रति प्राप्त हुई जिसे उन्होंने ''गोपनीय दस्तावेज'' बताया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ''कतर की एक अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को फैसला सुनाया था। इसके बाद, हमने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसमें विवरण दिया गया (और) बताया गया कि मृत्युदंड की सजा को कम कर दिया गया है। अब, हमारे पास आदेश है, जो एक गोपनीय दस्तावेज है।'

उन्होंने कहा कि कतर की अदालत ने इस फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया है। प्रवक्ता ने कहा, ''हम आपके समक्ष इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि मृत्युदंड की सजा को अब आठ भारतीय नागरिकों के लिए अलग-अलग जेल की सजा में बदल दिया गया है।'' जायसवाल ने कहा, ''हम परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं। हम कानूनी टीम के भी संपर्क में हैं।''

---

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 623.2 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने पूंजी भंडार का उपयोग बाजार में जरूरी हस्तक्षेप के लिए किया। इससे मुद्राभंडार प्रभावित हुआ।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़कर 551.61 अरब डॉलर हो गया।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

---

शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा गुरुकुल ज्वालापुर : स्वामी रामदेव

# देश के रक्षा मंत्री करेंगे शिलान्यास आज



**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयन्ती एवं गुरुकुल के संस्थापक पूज्य स्वामी दर्शनानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार विश्व के श्रेष्ठतम तथा विशालतम गुरुकुल "पतंजलि गुरुकुलम'' का शिलान्यास करने जा रहा है। इसकी सूचना आज प्रेसवार्ता के दौरान स्वामी रामदेव जी महाराज ने दी। उन्होंने कहा कि स्वामी दर्शनानन्द जी द्वारा 8 वर्ष पूर्व 3 बीघा भूमि, 3 ब्रम्हचारी तथा 3 चवन्नी से प्रारंभ गुरुकुल का नाम हमने स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर रखा है जो शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा। स्वामी जी महाराज ने कहा कि गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि से एक नया इतिहास, नया कीर्तिमान रचा जाएगा। इस गुरुकुल का शिलान्यास देश के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे तथा इस भव्य कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक चौहान सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, विभिन्न गणमान्य, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी पूज्य आचार्य महामण्डलेश्वर और संत महात्मा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यहाँ से तीन बड़े प्रकल्प संचालित होंगे जिसमें पहला लगभग 250 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला 7 मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम होगा। इस गुरुकुल में लगभग 1500 विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त यहाँ लगभग 250 करोड़ की लागत से आचार्यकुलम की शाखा स्थापित जाएगी जिसमें लगभग 5000 बच्चे डे-बोर्डिंग का लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहाँ महर्षि दयानन्द अतिथि भवन बनाने की भी योजना है। स्वामी जी ने कहा कि यहाँ बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ वो संस्कार दिए जाएँगे जिससे वे अपनी संस्कृति व अपनी जड़ों से जुड़ सकें। पूरे देश में सनातन के गौरव का कालखण्ड चल रहा है। एक ओर सनातन का बोध, भारत का बोध और दूसरी तरफ आधुनिक विषयों का बोध, यानि देश की सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक शिक्षा, सनातन की शिक्षा, भारत बोध, चरित्र निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण का, गौरव व स्वाभिमान का भाव बच्चों के भीतर जागृत किया जाएगा।

---

# आरबीआई ने वाणिज्यिक पत्रों के लिए किए नियम सख्त

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक वर्ष तक की अवधि वाले वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) को जारी करने के नियम सख्त कर दिए हैं। एक अप्रैल से लागू होने वाले आरबीआई के नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह दी गई है।

आरबीआई ने कहा कि ऐसे अल्पकालिक वाणिज्यिक पत्र की अवधि सात दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है, जबकि एनसीडी की अवधि 90 दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है। संशोधित मानकों के तहत, एक अप्रैल से जारी किए जाने वाले वाणिज्यिक पत्रों और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों का न्यूनतम मूल्य पांच लाख रुपये और उसके बाद पांच लाख रुपये के गुणक में होगा। आरबीआई की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी नए नियमों के मुताबिक, इन दोनों ऋण के साधनों को विकल्पों के साथ जारी नहीं किया जा सकता है जबकि इनका निपटान 'टी प्लस चार' कार्य दिवसों यानी लेन-देन वाले दिन को छोड़कर चौथे दिन करना होगा। वाणिज्यक पत्र और एनसीडी केवल डिमैट स्वरूप में ही जारी किए जाएंगे और बाजार नियामक सेबी के पास पंजीकृत डिपॉजिटरी के पास रखे जाएंगे।

- नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह
- सीपी की अवधि सात दिन से कम व एक वर्ष से अधिक नहीं होगी

### सीपी अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी होंगे

वाणिज्यिक पत्र अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी किए जाएंगे जबकि एनसीडी अंकित मूल्य पर छूट पर या निश्चित या फ्लोटिंग रेट कूपन के साथ जारी किए जाएंगे। आरबीआई के नए मानदंड मुद्रा बाजार से संबंधित विभिन्न निर्देशों की समीक्षा के बाद जारी किए गए हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

# हलाल सर्टिफाइड उत्पाद सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले साल हलाल प्रमाणीकरण से जुड़े खाद्य उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। इस फैसले को चुनौती देने वाली दो अलग याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। उन्होंने राज्य सरकार और इससे जुड़े अन्य लोगों से जवाब मांगा है। बता दें, उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले साल 18 नवंबर में हलाल प्रमाणीकरण वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मामले का संज्ञान लेने के बाद प्रतिबंध के बारे में आदेश भी जारी कर दिया गया था। आदेश के अनुसार, हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाता है। हलाल प्रमाणीकरणयुक्त औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्रियों का विनिर्माण, भंडारण वितरण एवं क्रय-विक्रय उत्तर प्रदेश राज्य में करते हुए पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति/फर्म के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पहले उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए था

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर याचिकाओं पर उनका जवाब मांगा। हालांकि, शुरू में पीठ ने याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों से सवाल किया कि शीर्ष अदालत को संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाओं पर विचार क्यों करना चाहिए और उन्होंने पहले उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया। इस पर एक वकील ने कहा कि इस फैसले का पूरे देश पर असर पड़ेगा। इसका व्यापार और वाणिज्य पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

---


## शब्द पहेली - 5386



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरूर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5385 का हल



## सूडोकु नवताल- 5396

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल- 5395 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# राम मंदिर में कभी नहीं आएगी सीलन, पूजा के लिए इस्तेमाल होंगे ये खास बर्तन, जलेगा अखंड दीपक

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में की कई प्रमुख विशेषताएं हैं। इसमें सबसे खास बात ये है कि राम मंदिर में कभी सीलन न आए, इसके लिए 21 फीट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाया गया है। साथ ही मंदिर में लोहे का इस्तेमाल नहीं होगा।

**हरिभूमि न्यूज/अयोध्या।** धरती के ऊपर बिलकुल भी कंक्रीट नहीं है। वहीं प्राण प्रतिष्ठा के दौरान खास बर्तनों का इस्तेमाल किया जाएगा। राममंदिर में अखंड दीपक जलाया जाएगा। राममंदिर में लगने वाले ध्वज का डिजाइन में भी बदलाव किया जा रहा है। अयोध्या तक पहुंचने यूपी पुलिस ने दो नए वैकल्पिक रास्तों का निर्माण किया है जिसे गूगल पर जल्द ही डाला जाएगा।

## वाराणसी के कारीगर बना रहे विशेष बर्तन

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पूजा करने के लिए खास बर्तनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इन बर्तनों को वाराणसी के कारीगर बना रहे हैं। कारीगर ओम प्रकाश कसेरा ने कहा हम लोग मंदिर के लिए एक 'झरी', एक 'अर्घी', एक कटोरी, एक घड़ा है जिसमें छेद हैं, स्नान करने के लिए। इन खास बर्तनों की डिलीवरी 14 जनवरी तक होनी है।



## बाबरी मस्जिद के मुख्य पक्षकार इकबाल अंसारी को भी न्यौता

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में बाबरी मस्जिद के मुख्य पक्षकार रहे इकबाल अंसारी को भी आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट के गंगा सिंह ने अंसारी के निवास पहुंचकर उन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में आने का न्योता दिया। इकबाल अंसारी के पिता हाशिम अंसारी राम जन्मभूमि स्वामित्व विवाद में मुख्य वादी थे। उनकी मौत के बाद इकबाल अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में कानूनी लड़ाई को जारी रखा था।

## भोपाल का 108 संगीतकारों का ग्रुप बजाएगा राम-धुन

श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भोपाल के 108 संगीतकारों की एक टीम राम-धुन बजाएगी। श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति का दावा है कि ये देश का इकलौता ग्रुप है, जिसे राम-धुन बजाने का न्योता मिला है।

## राम मंदिर के ध्वज की डिजाइन में बदलाव

अयोध्या के राम मंदिर में लगाए जाने वाले ध्वज की डिजाइन में बदलाव किया गया है। अब राम मंदिर के ध्वज पर सूर्य और कोविदार के पेड़ को भी अंकित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए 100 ध्वज रीवा से भेजे जा रहे हैं। इन्हें रीवा के हरदुआ गांव निवासी ललित मिश्रा तैयार करवा रहे हैं।

## गाय के शुद्ध घी का अखंड दीपक जलेगा

अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर में एक अखंड दीपक भी जलाया जाएगा, जो अयोध्या पहुंच चुका है। अखंड दीपक अनवरत जलता रहेगा, यानी इसकी लौ कभी बुझेगी नहीं। खास बात ये भी है कि इस अखंड दीपक को जलाने के लिए तेल का नहीं बल्कि गाय के शुद्ध घी का उपयोग किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### नवाचार आयोग से ढांड का इस्तीफा



**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी विवेक ढांड से नवाचार आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया गया है कि उन्होंने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा है। श्री ढांड ने अपना इस्तीफा मुख्य सचिव अमिताभ जैन को भेजा है। श्री ढांड को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के शेष पेज 2 पर

### आईएएस विकासशील एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक बने



**रायपुर।** प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार के लिए सेवाएं दे रहे छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विकासशील को एशियाई विकास बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। बताया गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भारत सरकार के लेवल-12, 13 और 14 (संयुक्त सचिव स्तर) लेवल-15 पर विभिन्न विदेशी और कैप्टिव पदों को भरने के लिए नियुक्तियों को मंजूरी दे दी है। इसके तहत ये नियुक्ति हुई है। विकास शील, आईएएस (सीजी:94), अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में तीन साल शेष पेज 2 पर

### धोनी से दोस्त व पार्टनर ने की करोड़ों की धोखाधड़ी



**रांची।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट एंड मैनेजमेंट पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। कभी धोनी के करीबी और बिजनेस पार्टनर रहे मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास आरोप है कि उन्होंने दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए साल 2017 में धोनी के साथ एक समझौता किया था। आरका स्पोर्ट्स ने फ्रेंचाइजी की फीस और प्रॉफिट शेयर नहीं किया।

### विदेश मंत्री जयशंकर पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे



**काठमांडू।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और दोनों देशों के लोगों की कुशलक्षेम तथा भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की। जयशंकर 2024 में अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे। जयशंकर ने मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का एक पौधा भी लगाया।

---

## प्रदेश भाजपा की बैठक में बनी सभी लोकसभा सीटें जीतने पर बड़ी रणनीति

# 11 सीटों को भाजपा ने रायपुर, बिलासपुर और बस्तर कलस्टर में बांटा, तय होंगे प्रभारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा की सभी 11 सीटें जीतने के लिए मंथन-मशक्कत शुरू कर दिया है। शुक्रवार को रायपुर में हुई प्रदेश भाजपा की बड़ी बैठक में राष्ट्रीय नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके पूरे मंत्रिमंडल, सभी सांसदों, चुनिंदा विधायक और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ छह घंटों तक बंद कमरे में मंथन किया।

इसमें 11 लोकसभाओं को तीन कलस्टर में बांटा गया है। अब अलग-अलग कलस्टर के लिए जिम्मेदारी तय होगी। सभी से सुझाव भी लिए गए और तय किया है कि जो लोकसभा कमजोर है, उस पर फोकस करते हुए उसको मजबूत किया जाएगा।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बन गई है। अब भाजपा का पूरा फोकस लोकसभा चुनाव पर है। इस बार भाजपा का लक्ष्य सभी 11 सीटें जीतने का है। इसको लेकर पहले दिल्ली में मंथन हुआ और अब लगातार राजधानी रायपुर में बैठकों का दौर चल रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को एक बड़ी बैठक हुई। पहली बार भाजपा की इस बैठक को ठाकरे परिसर से अलग जैनम भवन में किया गया। इस बैठक में करीब तीन दर्जन नेताओं को ही एंट्री दी गई, बाकी को बैठक शेष पेज 2 पर

### बंद कमरे में साय मंत्रिमंडल, सभी सांसद, चुनिंदा विधायक, पदाधिकारियों के साथ छह घंटे तक मंथन






### कार्ययोजना तय : किरण देव

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, लोकसभा चुनाव को लेकर कार्ययोजना तैयार हुई। आने वाले दिनों में जमीन पर इसका क्रियान्वयन दिखाई देगा। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। वरिष्ठ विधायक और भाजपा के प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा, लोकसभा को जीतने की दृष्टि से कार्ययोजना बनी है। मोदी की गारंटी पर तेजी से क्रियान्वयन करना है। संगठन के समयबद्ध कार्यक्रम शेष पेज 2 पर

### मांगे सुझाव, पूछा क्या करना चाहिए

बैठक में जिन चुनिंदा नेताओं को बुलाया गया था, उनसे जहां सुझाव मांगे गए, वहीं यह भी पूछा गया कि जीतने के लिए क्या करना चाहिए। सामने मंच पर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेशाध्यक्ष किरन देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय पांडा थे। बाकी सारे नेताओं को सामने बैठाया गया था। एक-एक करके सबसे वन टू वन बात की गई और उनके सुझाव सुने गए। सुझावों में जहां एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार में मोदी शेष पेज 2 पर

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रदेश के सहप्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश सरकार के दोनों डिप्टी मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, ओपी चौधरी, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े सारे सांसद, चुनिंदा विधायकों में धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत के साथ ही पूर्व शेष पेज 2 पर

### ऐसे बांटे तीन कलस्टर

प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटें हैं। इनको तीन कलस्टर में बांटा गया है। एक कलस्टर बस्तर का है। दूसरा रायपुर और तीसरा बिलासपुर का है। बस्तर के कलस्टर में बस्तर और कांकेर लोकसभा है। इसमें से बस्तर की सीट कांग्रेस के पास है। बिलासपुर कलस्टर में बिलासपुर संभाग के साथ सरगुजा संभाग की भी सीटें हैं। बिलासपुर में चार सीटें बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और जांजगीर चांपा की सीटें हैं। इसमें से कोरबा की सीट कांग्रेस के पास है। इसी के साथ सरगुजा में एकमात्र सीट सरगुजा की है। रायपुर संभाग में रायपुर के अलावा महासमुंद की सीट और दुर्ग संभाग में दुर्ग के अलावा राजनांदगांव की सीट है। ये सभी सीटें भाजपा शेष पेज 2 पर

---

## छुट्टी पर जा रहे बीएसएफ के जवानों से भरी गाड़ी पलटी

### 17 घायल, 5 की हालत गंभीर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर**

बीएसएफ जवानों से भरा वाहन हादसे का शिकार हो गया। अंतागढ़ के पास अनियंत्रित होकर मेटाडोर पलट गई। इसमें 17 जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों में से 5 की हालत गंभीर है। ये जवान छुट्टी पर जा रहे थे और अंतागढ़ रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठने वाले थे। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। हादसे में घायल जवानों से नारायणपुर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा मिलने पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गंभीर रूप से घायल जवानों को रायपुर रेफर किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के शेष पेज 2 पर

### छुट्टी पर जा रहे थे बीएसएफ जवान

पूरे मामले को लेकर नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि जिला नारायणपुर और जिला कांकेर के सीमावर्ती थाना रावघाट और ताड़ोकी के बीच हादसा हुआ है। 162 बटालियन बीएसएफ के जवान वाहन में जा रहे थे। इसमें 17 जवान को चोट आई थी। उन्हें तुरंत नारायणपुर के जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। प्राथमिक उपचार जारी है और जवानों की हालत अभी ठीक है।

### कुछ गंभीर घायलों को रायपुर भेजा

हादसे में 4-5 जवान गंभीर रूप से घायल हैं, उनको बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। ये जवान जिले के अंतिम छोर सरगीपाल, फुलपाड कैंप में तैनात थे। सभी जवान छुट्टी पर जा रहे थे। निजी वाहन से वे अंतागढ़ रेलवे स्टेशन आ रहे थे, जहां से इन्हें रायपुर के लिए ट्रेन में बैठना था।

---

## जीएफसी स्टार रेटिंग, रायपुर दुर्ग को 5-5 बिलासपुर राजनांदगांव को 3-3 अंक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

हरिभूमि सरोकार

कचरा मुक्त शहर (जीएफसी) के नए सर्टिफिकेशन 2023 के लिए केंद्र सरकार ने देशभर के शहरों (नगरीय निकायों) की रैंकिंग जारी की है। रायपुर और दुर्ग (पाटन) को फाइव स्टार रैंकिंग मिली है। इसी तरह बिलासपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर को 3-3 अंक मिले हैं। छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों को 1-1 की रैंकिंग मिली है। रैंकिंग लिस्ट में 1-1 अंक पाने वाले छोटे शहरों की सूची इस प्रकार है- कोरिया जिले में बैकुंठपुर निगम, झगराखंड नगर पालिका और नई लेदरी, सरगुजा में सीतापुर, रायगढ़ में घरघोड़ा, किरोड़ीमल नगर, कोरबा में दीपिका, कवर्धा में पिपरिया, बोडला, राजनांदगांव में छुईखदान, दुर्ग में भिलाई निगम, रिसाली, रायपुर जिले में गोबरा नवापारा, माना कैंप, तिल्दा नेवरा, समोदा, महासमुंद में महासमुंद नगर पालिका, बागबहारा, धमतरी जिले में मगरलोड आमदी, नगरी, बस्तर में जगदलपुर, दंतेवाड़ा में दंतेवाड़ा नगर पालिका, बारसुर, किरंदुल, बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सिमगा, पलारी, कसडोल, शेष पेज 2 पर

■ छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों को 1-1 की रैंकिंग मिली

### स्वच्छता सर्वे 2022 में अंबिकापुर था प्रथम

वर्ष 2022 में स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने देशभर में परचम लहराया था। छोटे शहरों की कैटेगरी में दुर्ग जिले के पाटन ने ईस्ट जोन में पहला और देश में दूसरा स्थान पाया था। वहीं स्वच्छ शहरों में अंबिकापुर प्रथम रहा था। बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट की श्रेणी में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर रहा। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों ने भाग लिया है। इसीलिए पिछले 8 महीने से लगातार सर्वे की टीम ने निकायों का भ्रमण किया था। सर्वे की टीम द्वारा निकायों में मिशन क्लीन सिटी, स्वच्छता श्रृंगार, सुविधा 24, गोधन न्याय योजना, निदान-1100, निष्ठा आदि राज्य प्रवर्तित योजनाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति का निरीक्षण किया। निकायों के निरीक्षण के बाद ओडीएफ की स्थिति पहले की तरह ही अच्छी पायी गई थी।

---

## शिकारियों के लगाए बम चबाने से उड़ा लकड़बग्घे का जबड़ा

कांकेर से रेस्क्यू कर गंभीर हालत में जंगल सफारी लाया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

इंसान अपने स्वार्थ के लिए किस तरह से घिनौनी हरकत कर सकता है, इसकी बानगी जंगल सफारी में रेस्क्यू कर लाए गए लकड़बग्घा को देखने से पता चलती है। अपने स्वार्थ के लिए जंगली सुअर को मारने के लिए फेंके गए बम की चपेट में आकर लकड़बग्घा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे रेस्क्यू कर जंगल सफारी लाया गया है। दरअसल शिकारी ने जंगली सुअर के मांस के लालच में बम फेंके थे, उसी को लकड़बग्घा शेष पेज 2 पर

■ जंगली सुअर को मारने शिकारी ने जंगल में बम फेंके थे



### दर्द में पूरी रात छटपटाता रहा

लकड़बग्घा की स्थिति को देखते हुए वन्यजीव चिकित्सकों ने रात में ही दर्द निवारक दवा दी है। स्थिति को देखते हुए लकड़बग्घा को एनेस्थिसिया देकर बेहोश नहीं किया जा सका। दर्द निवारक दवा देने के बाद भी लकड़बग्घा पूरी रात दर्द के मारे छटपटाता रहा। लकड़बग्घा की बेहतर देखभाल के लिए रात में ही जू कीपर के साथ डॉक्टर तैनात किए गए।

### सफारी में सर्जन नहीं


गौरतलब है कि जंगल सफारी में गंभीर रूप से घायल वन्यजीवों के लिए सर्व सुविधायुक्त अस्पताल है, जहां राज्य के अलग-अलग जंगल से रेस्क्यू किए गए वन्यजीवों को उपचार के लिए लाया जाता है। वन्यजीवों के लिए एकमात्र सर्व शेष पेज 2 पर

---

कमांडो मार्कोस ऑपरेशन को तैयार

## भारतीय नौसेना ने अपहृत जहाज को छुड़ाया, चालक दल सुरक्षित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना के विशेष मरीन कमांडोज ने सोमालिया के पास अपहृत कार्गो जहाज 'एमवी लीला नॉरफॉक' को समुद्री लुटेरों से छुड़ा लिया है। पूरा चालक दल सुरक्षित है, जिनमें 15 भारतीय भी शामिल हैं। नौसेना ने इस विशेष अभियान के लिए विध्वसंक आईएनएस चेन्नई को भेजा था। रिपोर्ट के अनुसार, कमांडोज को जहाज पर कोई लुटेरा नहीं मिला। अभी भी तलाशी अभियान जारी है, शेष पेज 2 पर

### नौसेना बोली- स्थिति पर बारीकी से नजर

नौसेना ने एक बयान में कहा, हमारे विमान जहाज की आवाजाही पर नजर रख रहे हैं। आईएनएस चेन्नई को सहायता प्रदान करने के लिए जहाज की ओर भेजा गया है। क्षेत्र में अन्य एजेंसियों के समन्वय से पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। मरीन ट्रैफिक के मुताबिक, ये जहाज ब्राजील के पोर्टो डू एकू से बहरीन के खलीफा बिन सलमान बंदरगाह जा रहा था।

---

सरकार ने लगाई रोक, सभी राज्यों को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया ने लिखा पत्र

# टी-20 वर्ल्ड कप में 9 जून को भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट की शुरुआत 1 जून से होगी और पहले मैच में यूएसए की भिड़ंत कनाडा के साथ होगी। इस बार विश्व कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज 1 जून से होगा। पहले मैच में अमेरिका की भिड़ंत कनाडा के साथ होगी। ग्रुप स्टेज के मुकाबले एक जून से लेकर 18 जून तक खेले जाएंगे। इसके बाद 19 जून से लेकर 24 जून तक सुपर शेष पेज 2 पर




### भारत का पहला मैच 5 को

भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2024 अपने अभियान का आगाज 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी। भारत-पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। इसके बाद 12 जून को भारतीय टीम अमेरिका से भिड़ती नजर आएगी। वहीं, 15 जून को टीम इंडिया ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला कनाडा के साथ खेलेगी, जो फ्लोरिडा में खेला जाना है।

### ग्रुपवार टीमें

- ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका
- ग्रुप बी : इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान
- ग्रुप-सी : न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी
- ग्रुप-डी : द.अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स, नेपाल

### वेस्टइंडीज में 41 अमेरिका में 14 मुकाबले होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के 6 शहरों में कुल 41 मुकाबले होंगे, यहीं तीनों नॉकआउट मैच भी होंगे। जबकि अमेरिका के न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डालास शहर में बाकी 14 मुकाबले होंगे। वेस्टइंडीज के 6 शहर त्रिनिदाद, गयाना, बारबाडोस, एंटीगुआ, सेंट विंसेंट और सेंट लुसिया हैं।

### कनाडा-अमेरिका ने 1844 में खेला था पहला मैच

टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला एक जून को डालास में ही होगा। क्रिकेट इतिहास का पहला मुकाबला भी अमेरिका और कनाडा के बीच ही 1844 में खेला गया था। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच 29 दिन तक कुल 55 मैच खेले जाएंगे, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार ही होगा।

## चिंतन

# समुद्र में सुरक्षा चुनौतियों से पार पाना ही होगा

समंदर में सुरक्षा की नई चुनौतियां भारत के सामने उभरी हैं। अभी तक हिंद व प्रशांत सागरीय क्षेत्र में भारत को चीनी बाधाओं से जूझना पड़ रहा था, लेकिन अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भी भारत को अपने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अब अरब सागर में सोमालिया के पास भारतीय जहाज को हाईजैक कर लिया गया है। समुद्री लुटेरे ने इसे अंजाम दिया है। अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह काम सोमालियाई समुद्री लुटेरे की बजाय लाइबेरिया के प्रतिबंधित आतंकी गुट हुती विद्रोहियों का लगता है। अभी कुछ दिन पहले ही भारतीय मालवाहक जहाज पर अरब सागर में ड्रोन से हमला किया गया था। उसमें भी हुती का नाम आया था। 19 नवंबर को भी हुती विद्रोहियों ने लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। इजराइल व हमास के बीच जारी जंग के बाद से भारत हुती के निशाने पर है। भारत बेशक समुद्र में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है, लेकिन नए खतरों से मजबूती से निपटना जरूरी है। समुद्र में भारतीय जहाजों को महफूज रखना आवश्यक है। भारत उभरती हुई आर्थिक व सामरिक ताकत है, भारत का 70 फीसदी से अधिक कारोबार समुद्री रास्तों से होता है। तेल का आयात व निर्यात भी भारत समुद्री रास्तों से करता है। इसके अलावा कई देशों को दवा व अनाज की सहायता भी भारत समंदर से ही भेजता है। इसलिए मुट्ठी भर आतंकी ताकतों की ओर से उत्पन्न किए जा रहे खतरों से कड़ाई से निपटना होगा। अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 1990 में सोमालिया में शुरू सिविल वार के बाद से लोग समुद्री लुटेरे बने हुए हैं। समुद्री सुरक्षा से जुड़ी भारत की एजेंसियां, आतंकवाद के ख़तरे पर बहुत ज़्यादा ज़ोर देती हैं। इसके चलते वो इंसानों की तस्करी, अवैध रूप से मछली मारने, जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए संकटों, लूट, डकैती और समुद्री प्रदूषण जैसी ग़ैर पारंपरिक चुनौतियों पर बहुत कम ज़ोर देती हैं। समुद्री सुरक्षा की कोई सार्वभौमिक परिभाषा नहीं है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण, आर्थिक विकास और मानव सुरक्षा सहित समुद्री क्षेत्र के मुद्दों को समाहित करता है। समुद्र में लूट, डकैती, फिरौती, आतंकी हमले, हाईजैक, पर्यावरण को नुकसान, मानव तस्करी आदि के रूप में खतरे विद्यमान हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, समुद्री क्षेत्र में भौतिक खतरों के स्थान पर तकनीकी खतरों ने भी ले लिया है। भारत के लिए समुद्री सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, हमारी तटरेखा 7,000 किमी. से अधिक है। वर्तमान में भारत की तटीय सुरक्षा त्रिस्तरीय संरचना द्वारा नियंत्रित है। भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर गश्त करती है, जबकि भारतीय तटरक्षक बल को 200 समुद्री मील (यानी विशेष आर्थिक क्षेत्र) तक गश्त और निगरानी करना अनिवार्य है। राज्य तटीय/समुद्री पुलिस उथले तटीय क्षेत्रों में गश्त करती है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि), 1982 के अनुसार, सभी देशों के अधिकारों का सम्मान करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है। भारत को समुद्री बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना होगा। चीन समेत तमाम बाधाओं से पार पाना होगा। ग्लोबल साउथ में भारत को एक नौसैन्य ताकत बनना होगा।

# इस वर्ष ई-कॉमर्स पकड़ेगी रफ्तार



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस साल ईकॉमर्स तेजी से बढ़ेगा।

यकीनन पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदी और ई-कॉमर्स में वृद्धि के मद्देनजर भारत सबसे आगे है। कोई दो-ढ़ाई दशक पहले भारत में जो ऑनलाइन खरीदी उच्च वर्ग तक सीमित थी, आज उससे आम आदमी भी लाभांवित हो रहा है। ऑनलाइन उत्पादों के कैटलॉग चेक करके मन पसंद वस्तुओं की एक क्लिक पर वापसी की सुविधा के साथ घर के दरवाजे पर डिलिवरी का चमकीला लाभप्रद बाजार ई-कॉमर्स की देन है। अब नए वर्ष 2024 में केंद्र सरकार भारत में ई-कॉमर्स बाजार के करोड़ों ग्राहकों के अधिक उपभोक्ता हितों का ध्यान रखते हुए ई-कॉमर्स को बढ़ाते हुए दिखाई देगी।

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यद्यपि ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है लेकिन यह देश के कुल बाजार का 5-6 फीसदी ही है। अभी भी देश का 94-95 फीसदी बाजार ऑफलाइन ही है, जबकि अमेरिका में 23-24 फीसदी और चीन में करीब 35 फीसदी से अधिक ऑनलाइन कारोबार है। इससे देश में ई-कॉमर्स के बढ़ने की बड़े स्तर पर संभावनाएँ हैं।

अभी हाल ही में सरकार के द्वारा लिए दो अहम निर्णयों से ई कॉमर्स को रफ्तार मिलेगी। इन निर्णयों में एक निर्णय निर्यात को बढ़ाने वाली निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीआईपी) का फायदा ई-कॉमर्स निर्यातक इकाइयों को भी मिलेगा। इसके तहत निर्यातकों को लागत पर आने वाले गैर क्रेडिट योग्य केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क वापस लिए जाते हैं। सरकार का दूसरा बड़ा निर्णय यह है कि वह देश में ई-कॉमर्स की भारी देश के करोड़ों उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा ई-कॉमर्स कंपनियों एवं देश के उद्योग-कारोबार से संबंधित विभिन्न पक्षों के बीच समन्वय हेतु व्यापक विचार-विमर्श से ई-कॉमर्स नीति को शीघ्र ही मूर्तरूप देने की डगर पर आगे बढ़ रही है।

इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन से निर्मित हुई ऑनलाइन खरीदारी देश के कोने-कोने में करोड़ों उपभोक्ताओं की आदत और व्यवहार का अभिन्न अंग बन गई है। देश में डिजिटलीकरण, स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुँच, कम डेटा कीमतें, ऑनलाइन बुनियादी ढांचे की तेज वृद्धि,लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति डिजिटल भुगतान, हाइपर-लोकल लॉजिस्टिक्स, प्रौद्योगिकी-सक्षम नवाचार से संबंधित ग्राहक जुड़ाव, डिजिटल विज्ञापन,सरकार के द्वारा



संबंधी लाइसेंस प्रक्रिया का युक्तिकरण, डिजिटल कॉमर्स के लिए एक खुले नेटवर्क की स्थापना, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनोवेशन फंड जैसे कार्यक्रमों से भी ई-कॉमर्स तेजी से विस्तारित हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजरों की संख्या 2022 में करीब 75.9 करोड़ थी, जो 2025 तक करीब 90 करोड़ होने का अनुमान है। इंटरनेट का उपयोग शहरों से ज्यादा गांवों में होने लगा है। वर्ष 2022 में भारत में 20 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन कुछ न कुछ खरीदा है। ई-कॉमर्स ने भारत में व्यापार और उपभोग का मिजाज बदला दिया है। बड़े शहरों की तुलना में टियर-2 व टियर-3 मझौले व छोटे शहरों में ई-कॉमर्स अधिक बढ़ा है। ई-कॉमर्स से होने वाले कुल कारोबार में टियर-1 (बड़े शहर) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 44.3 प्रतिशत रही। टियर-2 शहरों में यह हिस्सेदारी 37.1 प्रतिशत तो टियर-3 में 18.6 प्रतिशत की रही। किराना बाजार को छोड़ दिया जाए तो अन्य प्रकार की वस्तुओं की करीब 25 प्रतिशत बिक्री अब ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा घरों की सजावट, हेल्थ व फार्मा जैसे सेक्टर में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से अधिक खरीदारी हो रही है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एफएमसीजी, कृषि, फैशन व गारमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़े उत्पादों की बिक्री में तेजी आई है।

जिस तरह देश में घरेलू स्तर पर ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है, उसी तरह भारत का ई-कॉमर्स निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक अगले 6 से 7 साल में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात बढ़कर 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो अभी करीब महज 1.2 अरब डॉलर है। डीजीएफटी ने ई-कॉमर्स निर्यात आसान बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स सेवा प्लेटफॉर्म प्रदाता, अंतरराष्ट्रीय भुगतान व्यवस्था नियामक एजेंसियां जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, राजस्व विभाग के बीच अच्छे समन्वय और तालमेल का काम किया है, उससे ई-कॉमर्स निर्यात तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत में ई-कॉमर्स सेक्टर में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले पांच साल में ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र में ई-कॉमर्स में करीब 23 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। ई-कॉमर्स में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मॉडल में स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई की सीमा को 100 फीसदीकी अनुमति है। बिजनेस टू बिजनेस (बी-2 बी) ई-कॉमर्स तथा खाद्य खुदरा कंपनियों के द्वारा सरकारी अनुमित मार्ग के तहत भी 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति हैं। ई-कॉमर्स वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साधन प्रदान करके भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सीधे लाभान्वित कर रहा है। ऐसे में भारतीय ई-कॉमर्स सेक्टर बढ़ रहा है।

सरकार करोड़ों ई-कॉमर्स उपभोक्ताओं और ई-कॉमर्स कंपनियों और देश के उद्योग-कारोबार के बीच समन्वय स्थापित करने के मद्देनजर नई ई-कॉमर्स नीति को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देगी। नई ई-कॉमर्स नीति के तहत सरकार का दायित्व है कि ई-कॉमर्स से देश की विकास आकांक्षाएं पूरी हों तथा बाजार भी विफलता और विसंगति से बचा रहे। नई ई-कॉमर्स नीति में ई-कॉमर्स बाजार में उपभोक्ताओं के हितों और उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए भी प्रभावी पहल सुनिश्चित करनी होगी। मजबूत कानूनी ढांचे व उपभोक्ता संरक्षण उपायों को भी ध्यान में रखना होगा। सरकार द्वारा नई ई-कॉमर्स नीति के तहत ऐसी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियंत्रण करना होगा जिन्होंने भारत को अपने उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बना दिया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर



# मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार का प्रवेश!

भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल चौतरफा घिर गए हैं। अब नए मुसिबत उनके गले पड़ गई है। 'मोहल्ला क्लीनिक' योजना पर लगे फर्जीवाडे. के आरोप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदार वाली छवि पर एक बार फिर बड़ा प्रहार कर दिया है। मोहल्ला क्लीनिक उनकी ऐसी योजना है जिसे उन्होंने अभी तक अपने चुनाव जीत वाले मंत्र के तौर पर इस्तेमाल किया है। मोहल्ला क्लीनिक उनका बड़ा 'वोटबैंक' साबित हुई है। इसलिए अन्य योजनाओं के मुकाबले उनकी ये सबसे अग्रणी योजना रही है। इसे उन्होंने चुनावी 'मॉडल' के रूप में प्रचारित किया और उसका नाम लेकर ही उन्होंने लोगों से वोट भी मांगा, लेकिन अब इसमें भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है। 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, जिसमें मोहल्ला क्लीनिक के लिए करीब एक तिहाई बजट अलग आवंटित रखा। पर, इस भारी भरकम रकम पर ऐसा बंदरबांट होगा, जिसकी शायद दिल्ली वासियों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी।

गौरतलब है, अन्य राज्यों के मुकाबले दिल्ली में टैक्स देने वालों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन उन्हें क्या पता उनके टैक्स के पैसों पर यूं डाका डाला जाएगा। आरोप निश्चित रूप से बेहद गंभीर हैं। हालांकि, मोहल्ला क्लीनिक में गड़बड़झाला है इस बात की भनक खुद केजरीवाल हो चुकी थी, तभी उन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में ही इसकी जांच करवाने के आदेश दे दिए थे। जांच में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट में जमकर फर्जीवाड़ा पाया। ये रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें न देकर सीधे उप-राज्यपाल को थमा दी। एलजी के हाथ में पहुंचने के मतलब है कि सीधे बिना घी-तेल डाले 'आग' लग जाना। हुआ भी कमोबेश वैसा ही? केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंत्रणा करने के बाद एलजी ने बिना देर किए तुरंत सीबीआई से जांच करवाने की सिफारिश कर दी। जांच की परतें जब एक-एक करके खुलेंगी, तो कई बेनकाब होंगे। हालांकि, मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पल्ला झाल लिया है, पर इतनी आसानी से वह भी नहीं बच पाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार एक्सपेज होने के बाद दिल्ली के लोग बस यही कह रहे हैं कि जब आरोप साबित हो जाएं, तो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर ऐसी कठोर सजा मुकर्रर की जाए, जो सभी के लिए नजीर साबित हो।

चुनावी फायदे के तौर पर देखें तो 'आम आदमी पार्टी' ने 'मोहल्ला क्लीनिक' को कभी योजना नहीं माना, उन्होंने हमेशा चुनावी 'मॉडल' के रूप में इसे प्रस्तुत किया, ये योजना उनके लिए अप्रत्याशित 'वोटबैंक' ही रही जिसके जरिए ही आम आदमी पार्टी ने कई चुनावों में अपनी गंगा पार करी। पर, अब ये चुनावी नौका समुद्र के बीच मझधार में फंसती दिखने लगी है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव से पहले चिकित्सा विभाग में भ्रष्टाचार के ये आरोप आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर गहरा चोट मारेंगे। भाजपा के अलावा कांग्रेस भी हमलावर हो जाएगी। 'इंडिया गठबंधन' को भी तगड़ा धक्का लग सकता है। विरोधी दल जानते हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक येजना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक रही है। जिसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगने का मतलब है विपक्ष को बैठे-बिठाए बड़ा मुद्दा हाथ लगना। भाजपा अब केजरीवाल की रही-सही इमेज को डेमेज करने में शायद ही कोई कसर छोड़े। आरोप लगने के बाद दिल्ली में भाजपा की समूची टीम आप पर हमलावर हो गई है। चुनाव के ऐन वक्त लगा ये झटका केजरी को जल्द उबरने न दे।

महोल्ला क्लीनिक पर भ्रष्टाचार का जो आरोप लगा है, उसकी पृष्टभूमि को गौर करें तो दिल्ली विजिलेंस डिपार्टमेंट ने जब अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल की और निरीक्षण के लिए राजधानी में बने मोहल्ला क्लीनिक पहुंचे, तो किसी भी क्लीनिक में उन्हें कोई डॉक्टर इलाज करता नहीं मिला। जो मिले, वो चिकित्सक नहीं, बल्कि चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ के लोग थे। कई जगहों पर तो अनुभवहीन स्टाफ मरीजों को दवा और टेस्ट लिखते दिखाई दिए। जब उनसे पूछा गया कि आप चिकित्सक हो, तो वो भाग खड़े हुए। दरअसल, ये सब दिल्ली सरकार के नाक के नीचे हुआ। गडबड़झाले की खबर जानते हुए भी दिल्ली सरकार अंजान बनी रही। जबकि, इस योजना के शुरूआती दिनों को याद करें, तो एक सुखद तस्वीर आंखों के सामने उभरती है। तब, दिल्ली के लोग वास्तव में इन क्लीनिक में जाया करते थे। हल्की-फुल्की सभी बीमारी की दवाइयों के लिए लोग पहुंचते थे। अब स्थिति बदल चुकी है।

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**उद्योग जगत पर राजनीति न हो**

हाल ही में अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें अदाणी समूह को राहत मिली है। अब इस मामले पर भी कुछ लोग यह कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट मोदी सरकार के हाथ की कठपुतली है, लेकिन कुछ भी हो, सुप्रीम कोर्ट या अन्य सभी संस्थाओं को बिना किसी दबाव के ही फैसले लेने चाहिए। अमरीका की सट्टेबाज कंपनी हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर हेराफेरी के जो आरोप लगाए हैं, उसने बैकों और अन्य संस्थाओं को कटघरे में बेशक खड़ा कर दिया है, लेकिन यह ग्रुप देश का बहुत बड़ा ग्रुप है, जिसकी वजह से लाखों-करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है।

-महेश चौबे, महासमुंद

## ट्रेंड

### दिल को छू लेने वाला

भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल, पायल देव और मनोज मुंतशिर का स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### दोस्ती बहुत पुरानी

मेरी और मनीष की दोस्ती बहुत पुरानी है। हमारा स्नेह और भरोसा बहुत मज़बूत है। जनता के लिए काम करने का ये जुनून भी बहुत पुराना है। साज़िश रचने वाले लाख कोशिश कर लें.. ये भरोसा, ये स्नेह और ये दोस्ती कभी नहीं टूटेगी।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली



### शोभा नहीं देता

क्या मंत्री गिरराज सिंह देवेंद्र तिवारी जी के ईमेल का ज़िक्र कर रहे थे? गिरराज सिंह आप ज़िम्मेदार पद पर हैं ऐंसी बातें करना आप को शोभा नहीं देता। मैं उत्तर प्रदेश की पुलिस को बधाई देता हुं जिन्होनें देवेंद्र तिवारी को पकड़ लिया।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता



### चीन से आगे


सड़कों के मामले में हम चीन से आगे हैं। अधिक दिलचस्प बात यह है कि हम अमेरिका से कुछ दूरी पर हैं। मुझे यकीन है नितिन गडकारी आज से कुछ ही समय बाद अमेरिका से आगे निकलने का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# विवादित समुद्री सीमा पर उ. कोरिया का सैन्य अभ्यास



दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच विवादित समुद्री सीमा पर तोप अभ्यास किया, जो 2018 के सैन्य समझौते का उल्लंघन है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के उत्तर में समुद्र में 200 गोले दागे। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के इस अभ्यास को उकसावे की कार्रवाई बताया हालांकि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दक्षिण कोरियाई द्वीप येओनपयोंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उन्हें जगह खाली करने के लिए कहा है क्योंकि वह शुक्रवार शाम या रात में इसी तरह के अभ्यास को शुरू करने की योजना बना रही है। वहीं उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अधिकारियों को मिसाइलों के लिए मोबाइल लॉन्च वाहनों का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने दुश्मनों के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के मद्देनजर यह आदेश दिया है और वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि दूसरे देशों के लिए उनके हमलों का पता लगाना मुश्किल हो। किम के आदेश की यह खबर व्हाइट हाउस के एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है।

## ऑफ बीट

# मकड़ियों से जितना आप डरते हैं वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिलासपुर

शनिवार, 6 जनवरी 2024

पौष कृष्ण पक्ष दशमी

वर्ष : 23, अंक : 316

पृष्ठ : 10+4 = 14, मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 28.2

न्यून. 15.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 सबालेंका की ऑस्ट्रेलिया में ...



विचार पेज

इस वर्ष ई-कॉमर्स पकड़ेगी रफ्तार







# बंगला विवाद पर बोले मंत्री- मुगलों की तरह लूटा गया, डहरिया ने कहा- एनओसी के बाद छोड़ा आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद अब मंत्रियों को आवंटित बंगलों को लेकर सियासत शुरू हो गई है। इस मामले में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के आरोप से यह बात सामने आई थी कि बंगले का काफी सामान गायब हैं। इस संबंध में शुक्रवार को श्री जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि बंगले को मुगलों की तरह लूटा गया है। दूसरी ओर जवाब में पूर्व मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि बंगला खाली करने के पहले उन्होंने सभी विभागों से एनओसी ली है। आरोप लगाने वाले मंत्री श्याम बिहारी को उनसे माफी मांगनी चाहिए।

अलग खबर



## मंत्री को मुझसे माफी मांगनी चाहिए: डहरिया

### मंत्री श्याम बिहारी ने दिया ये बयान

बंगला विवाद को लेकर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में बयान दिया है। उन्होंने कहा- यह मुगलों की तरह बर्ताव है, मैं इससे बेहद व्यथित हूं। जैसे मुगल मंदिरों से हीरे सोने लूट लेते थे, ऐसा किया गया। बंगले से कई सामान गायब हैं, टेलिफोन तक ले गए। मैंने इस संबंध में जांच के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जो भी दोषी होगा उससे रिकवरी की जाएगी।





### डहरिया ने कहा- ली है एनओसी

बंगला विवाद को लेकर पूर्व मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया सामने आए हैं। उन्होंने मीडिया से चर्चा में अपना पक्ष इस तरह रखा। डॉ.डहरिया ने कहा-बंगला खाली करने के पहले सभी विभागों से मैंने एनओसी( अनापत्ति प्रमाणपत्र) लिया है। जो सामान मैंने अपने खर्च से वहां लगाए थे वही मैंने रखा है। भाजपा मुझे बदनाम करने की साजिश कर रही है। भाजपा की सोच अनुसूचित जाति के प्रति ठीक नहीं है। मैं मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से बात करूंगा। उन्हें मुझसे माफी मांगनी चाहिए। इस मामले को लेकर कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला का भी बयान आया है। उन्होंने कहा है- पूर्व मंत्री को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। पहले मंत्री को पीडब्ल्यूडी से जानकारी ले लेना था, फिर कुछ कहना था।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मोदी ने ममता बनर्जी को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीएसमी प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। वह शुक्रवार को 69 वर्ष की हो गईं। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं।

### शरद पवार के पोते की कंपनी पर ईडी का छापा

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले के संबंध में धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को बारामती एग्रो और उससे जुड़ी कंपनी के परिसरों पर छापेमारी की। बारामती एग्रो कंपनी के मालिक राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार हैं। सूत्रों के मुताबिक, कम से कम छह ठिकानों पर छापेमारी की गई।

### आप ने रास के लिए स्वाति संजय, गुप्ता को किया नामित





**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को शुक्रवार को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। इसी के साथ संजय सिंह तथा एन.डी. गुप्ता को ऊपरी सदन में दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः नामित किया।

### यूपी पुलिस ने ढेर किया एक लाख का इनामी बदमाश

**लखनऊ।** सुलतानपुर जिले में शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश पुलिस के एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। कोतवाली देहात थाना के प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि अपराधी की पहचान विनोद कुमार उपाध्याय (37) के रूप में हुई है। उसके पास से दो लोडेड पिस्तौल बरामद हुईं हैं।



पश्चिम बंगाल में बवाल, राशन घोटाले में जांच करने पहुंची थी टीम

# टीएमसी नेता के यहां छापा डालने पहुंची ईडी टीम पर हमला, कई सदस्य घायल, गाड़ियां तोड़ीं

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के घर जांच करने पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया और उसके वाहन तोड़ दिए। इस हमले में प्रवर्तन निदेशालय के कई सदस्य घायल हो गए। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले में हुई। बता दें कि ईडी अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के साथ, एक कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में स्थानों पर छापेमारी करने गए थे। इसी दौरान 200 से अधिक स्थानीय लोगों ने ईडी व अधिकारियों और अर्धसैनिक बलों को घेर लिया और उन पर हमला बोल दिया। घायल अफसरों को अस्पताल ले जाया गया है।

ईडी की टीम पर हमले का यह मामला उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली गांव का है। जांच एजेंसी की टीम यहां राशन घोटाले के केस में टीएमसी नेता एसके शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक जो टीम छापेमारी करने पहुंची थी, उसमें ईडी के असिस्टेंड डायरेक्टर भी शामिल थे। भीड़ ने उनकी गाड़ी भी तोड़ दी।

**सबूत नष्ट होने का है खतरा**

केंद्रीय जांच एजेंसी ने हमले के दौरान स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता का जिक्र किया। सूत्र का यह भी दावा है, संबंधित क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए अदालत में आवेदन किया जा सकता है ताकि कोई भी सबूत नष्ट न कर सके।



### राशन वितरण घोटाले में चल रही जांच

रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी की टीम सुरक्षा बलों के साथ कथित राशन वितरण घोटाले की जांच करने के लिए शाहजहां शेख के आवास पर पहुंची थी। टीम आने की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने अधिकारियों और सुरक्षा बलों को घेर लिया। इस दौरान ईडी के सहायक निदेशक भी मौजूद थे।

### दो अफसरों को आईं गंभीर चोट

ईडी के कुछ अधिकारियों को मामूली चोट आई और दो को गंभीर चोट के कारण सिर पर टांके लगे हैं। ईडी सूत्र का दावा है, टीएमसी नेता इतने प्रभावशाली हैं कि उनकी टीम और अधिकारियों पर उनके समर्थकों ने हमला किया है। भीड़ के हमले के बाद टीम को बिना छापेमारी किये ही मौके से भागना पड़ा।

### प. बंगाल में जगह-जगह चल रही कार्रवाई

राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर पिछले कई महीने से ईडी की टीम प. बंगाल में छापेमारी कर रही है। ईडी ने खुलासा किया था कि पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा खुले बाजार में बेच दिया गया था। मामले में कई लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।


### मुख्य सचिव व डीजीपी को किया तलब

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले में प्रवर्तन निदेशालय के सदस्यों पर हमले को भयानक बताया। राज्यपाल ने घटना के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका व डीजीपी को भी तलब किया। उन्होंने कहा कि अटैक वीभत्स और निंदनीय है। राज्य सरकार को यह रोकना होगा। बोस ने कहा पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। ऐसे में सरकार को लोकतंत्र में बर्बरता और गुंडागर्दी रोकनी चाहिए।

### गिरफ्तारी के लिए अदालत जाएगी ईडी

सूत्रों के मुताबिक, ईडी टीएमसी नेता एसके शाहजहां के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत का रुख करने जा रही है ताकि वे उन्हें हिरासत में ले सकें और जांच कर सकें। ईडी सूत्र का कहना है कि अब ऐसे में उन्हें हिरासत से बाहर रखकर मामले की जांच करना काफी मुश्किल हो रहा है। ईडी ने कहा कि वे आज अपने साथ हुई इन सभी घटनाओं का जिक्र कोर्ट के सामने करेंगे।

# दो पूर्व विधायकों के घर छापा 5 करोड़ रुपये कैश, विदेशी हथियार, सोने की छड़ें बरामद



एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हरियाणा के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार और पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह के घरों पर तलाशी अभियान चलाया। दिलबाग सिंह के ठिकानों से बड़ी मात्रा में अवैध चीजें बरामद हुई हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक उनके घर से विदेशी हथियार, बड़ी मात्रा में अवैध फॉरेन मेड आर्म्स, 300 कार्टन में अवैध सामान, 100 से ज्यादा महंगी विदेशी शराब की बोतलें, 5 करोड़ रुपये कैश, सोने के बिस्किट व छड़ें बरामद की गई हैं।

### अवैध खनन से जुड़ा है पूरा मामला

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि पूरा मामला इलीगल माइनिंग से जुड़ा हुआ है। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और उनसे जुड़े 20 ठिकानों की तलाशी ली।

### नोटों की गड्डियां, 300 विदेशी कारतूस व पिस्तौल

नोटों की गड्डी के अलावा अवैध विदेशी निर्मित हथियार, 300 कारतूस 100 से अधिक शराब की बोतलें और भारत और विदेश में कई संपत्तियों सहित अन्य सामग्री बरामद की है। बता दें कि दिलबाग सिंह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी की जांच कर रही है। ईडी ने कल अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में हरियाणा कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार और पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह और कुछ अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की।

# सैन्य जवान व कश्मीरी पंडितों के कातिल को सेना ने उतारा मौत के घाट

**शोपियां में मुठभेड़ जारी, कई आतंकी घिरे**



एजेंसी ⏭ जम्मू

दक्षिण कश्मीर का जिला शोपियां में शुक्रवार सुबह यानी 5 जनवरी को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ सेना और सीआरपीएफ ने मोर्चा संभाला। बताया जा रहा है, कि गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। मारा गया आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था। यह आतंकवादी सेना के जवान कश्मीरी पंडित के कत्ल में शामिल रहा। आतंकवादी का शव मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया है। संयुक्त टीम ने एक जंगल को पूरी तरह घेर रखा है।

### दोनों ओर से हो रही अंधाधुंध गोलीबारी

पुलिस ने बताया कि शोपियां के गांव छोटीगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशेष सूचना मिली है। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने सुबह संयुक्त घेराबंदी कर तलाशी का अभियान चलाया। आतंकवादी ने संयुक्त खोज दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी जो देर रात तक जारी रही। इसमें एक आतंकवादी मारा गया और उसका शव मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया है।

### मारा गया आतंकी कई घटनाओं में रहा शामिल

मारे गए आतंकी की पहचान बिलाल अहमद भट पुत्र गुलाम रसूल भट निवासी चेक चोलन के रूप में हुई है। आतंकी बिलाल प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था। वह कई आतंकी वारदातों में शामिल था। आतंकी बिलाल कुलगाम के रहने वाले कश्मीरी पंडित सुनील कुमार भट और सेना के जवान उमर फैयाज की हत्या में भी शामिल था। साथ ही हरमैन क्षेत्र में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर ग्रेनेड फेंका था। इसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसने एक वारदात के दौरान कश्मीरी पंडित प्रीतिंबर नाथ और बाल कृष्ण पर भी आतंकी हमला किया था।


# अब नहीं बुझेंगे स्कूलों के चूल्हे, मध्यान्ह भोजन के लिए 76 करोड़ रुपए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य सरकार ने कुकिंग कास्ट और ससोइयों का मानदेय देने के लिए 76 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। प्रदेशभर के प्राथमिक और मिडिल स्कूल का पिछले तीन माह से कुकिंग कास्ट और रसोइयों का मानदेय जारी नहीं किए जाने के मामले में विगत तीस दिसंबर को ⏭ शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### हरिभूमि की खबर का असर, महज 6 दिन के अंदर मानदेय, कुकिंग कास्ट राशि की जारी



50 करोड़ के कर्ज से लद गए रसोइये, 1 से बुझ जाएंगे स्कूलों के चूल्हे

### काम पर लौटेंगे रसोइया

शनिवार से प्रदेशभर के 87 हजार रसोइया काम पर लौट जाएंगे। दुर्ग संभाग में समूह की महिला हड़ताल पर थी, वे भी लौटेंगे। राज्य शासन ने कुकिंग कास्ट व मानदेय की राशि जारी कर दी है।

- **रामराज कश्यप,** अध्यक्ष, छग स्कूल मध्यान भोजन संघ

# नेताओं पर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती भड़के, कहा- नहीं जाऊंगा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



संत क्या ताली बजाने का काम करेंगे अयोध्या जाकर

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में तैयारी चल रही है। इस बीच रायपुर पहुंचे जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने बड़ा बयान दिया है। नेताओं पर जमकर बरसते हुए उन्होंने कहा, ⏭ शेष पेज 2 पर

### बाहर से लाकर मुसलमानों को छत्तीसगढ़ में बसाया

यहां मंच से पुरी शंकराचार्य ने राजनीतिक नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने ही बाहर से मुसलमानों को लाकर छत्तीसगढ़ में बसाया है और हिंदू को अल्पसंख्यक बनाने की कोशिश की है। जिसके परिणामस्वरूप वे चारों खाने चित्त हुए। उन्होंने कहा, डॉ. रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में भी ईसाई ⏭ शेष पेज 2 पर

दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं होंगी एक ही समय पर

# सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं के कुछ विषयों की तारीखों में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने रिवाइज्ड सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 डेटशीट जारी कर दी है। कक्षा 10वीं, 12वीं की रिवाइज्ड टाइम टेबल को उम्मीदवार सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट cbse.gov.in पर देख सकते हैं। रिवाइज्ड टाइम टेबल के अनुसार, कुछ पेपरों की परीक्षा तिथियों में कुछ बदलाव किए गए हैं। बता दें कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए ⏭ शेष पेज 2 पर

### इन विषयों की तिथियों में बदलाव

नए टाइम टेबल के अनुसार कक्षा 10 का तिब्बती पेपर जो 4 मार्च 2024 को आयोजित होने वाला था, उसे बदल दिया गया है। अब यह 23 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कक्षा 10 का रिटेल पेपर जो 16 फरवरी को निर्धारित किया गया था वह अब 28 फरवरी को आयोजित किया ⏭ शेष पेज 2 पर




**सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से:** सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी और 13 मार्च, 2024 को समाप्त होगी। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी को शुरू होगी और 2 अप्रैल, 2024 को समाप्त होगी। कक्षा 10 और 12 दोनों की बोर्ड परीक्षाएं एक ही बार में आयोजित की जाएंगी। शिफ्ट- सभी दिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक है।

### रिवाइज्ड टाइम टेबल ऐसे डाउनलोड करें

- बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार रिवाइज्ड डेट शीट डाउनलोड कर सकते हैं।
- सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट **cbse.gov.in** पर जाएं।
- होम पेज पर उपलब्ध कक्षा 10 या कक्षा 12 के लिए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 रिवाइज्ड डेटशीट लिंक पर क्लिक करें।
- एक नई पीडीएफ फाइल खुलेगी जहां उम्मीदवार तारीखें देख सकते हैं। पेज डाउनलोड करें और आगे की आवश्यकता के लिए उसकी एक हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 11 सीटों को भाजपा ....

से अलग रखा गया। **कमजोर लोकसभा का पैमाना** -बैठक में चर्चा में यह बात सामने आई कि आखिर किस लोकसभा को कमजोर माना जाए। ऐसे में सबकी इस बात पर सहमति बनी कि विधानसभा चुनाव में जिन लोकसभाओं में कम विधानसभाओं में जीत मिली और वोट का प्रतिशत भी कम रहा, उनको कमजोर मानकर इन लोकसभाओं पर ज्यादा फोकस करते हुए इनको मजबूत करने का काम किया जाए।

### कार्ययोजना तय : किरण ....

तय हुए हैं। आने वाले दिनों में हर संभाग में बैठक होगी। पूरा रोड मैप चुनाव को जीतने की दृष्टि से बन गया है।

### मांगे सुझाव, पूछा ....

की गारंटी को पूरा करने के सुझाव सामने आए, वहीं केंद्र सरकार की योजनाओं की आम जनता तक जानकारी देने की भी बात की गई।

### ये रहे उपस्थित ....

विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल और प्रदेश संगठन के कुछ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ऐसे बांटे तीन ....

के पास हैं। अब इन कलस्टरों में सीटों के हिसाब से काम होगा कि कौन सी सीट कमजोर है और कौन सी सीट मजबूत है। कलस्टर में जिनको जिम्मेदारी दी जाएगी, उनकी बैठकें राष्ट्रीय नेताओं के साथ होंगी।

### छुट्टी पर जा रहे ....

अंतागढ़ क्षेत्र में नक्सल मोर्चे में ये बीएसएफ जवान तैनात थे। दोपहर 12 बजे अंतागढ नारायणपुर मार्ग पर कुम्हारी के पास वाहन का स्टेयरिंग फेल होने के कारण हादसा हुआ है। मामला रावघाट थाना इलाके का है।

### जीएफसी स्टार रेटिंग...

बिलाईगढ़, बालोद जिले में अर्जुन्दा, गुंडरदेही, बालोद नगर पालिका, दल्ली राजहरा, चिखलाकसा, बेमेतरा जिले में बेमेतरा नगर पालिका, साजा, बेरला, मुंगेली जिले में मुंगेली नगर पालिका, पथरिया, सूरजपुर जिले में सूरजपुर नगर पालिका, भटगांव, गरियाबंद जिले में फिंगेश्वर, राजिम, गरियाबंद पालिका, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में गौरेला, पेंड्रा, शामिल हैं।

### शिकारियों के लगाए ....

खाने की वस्तु समझ कर चबा गया। बम चबाने की वजह से लकड़बग्घा का जबड़ा उड़ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सफारी प्रबंधन के मुताबिक कांकेर से वनकर्मियों की टीम गुरुवार देर शाम लकड़बग्घा को रेस्क्यू कर जंगल सफारी लेकर पहुंची। लकड़बग्घा की गंभीर स्थिति को देखते हुए जंगल सफारी के डॉक्टर डॉ. राकेश वर्मा के नेतृत्व में उपचार में जुट गए हैं। जंगल सफारी के डॉक्टर के मुताबिक लकड़बग्घा की हालत अभी स्थिर है। लकड़बग्घा के पेट में पाइप डालकर लिक्विड डाइट दिया जा रहा है। लकड़बग्घा की स्थिति ऐसी नहीं है कि उसके जबड़े की अभी तत्काल सर्जरी की जा सके। लकड़बग्घे के बेहतर उपचार के लिए अंजोरा स्थिति कामधेनु विश्वविद्यालय के सर्जन तथा एक्सपर्ट डॉक्टरों की मदद लेने की बात सफारी प्रबंधन कह रहा है।

### सफारी में सर्जन ....

सुविधायुक्त वन्यजीवों के अस्पताल में एक भी सर्जन नहीं है। इसके कारण गंभीर रूप से घायल वन्यजीवों के उपचार के लिए अंजोरा स्थित कामधेनु विश्वविद्यालय से सर्जन बुलाए जाते हैं। डॉक्टर के आने में देर होने की स्थिति में या फिर अंजोरा ले जाने की स्थिति में वन्यजीव की मौत तक हो जाती है।

### भारतीय नौसेना ने ....

लेकिन जहाज अपने गंतव्य की तरफ बढ़ गया है। **दोपहर सवा 3 बजे अपहृत जहाज को रोका**- रिपोर्ट के मुताबिक कार्गो जहाज के अपहृत होने की सूचना मिलने पर आईएनएस चेन्नई को गश्त से हटाकर इसकी तरफ भेजा गया। करीब 3:15 बजे जहाज चेन्नई ने इसे रोक लिया। अधिकारियों ने बताया कि समुद्री गश्ती विमान और प्रीडेटर ड्रोन आदि का उपयोग करके अपहृत विमान पर निरंतर निगरानी रखी जा रही थी। शुरुआती अभियान के बाद कमांडोज जहाज पर पहुंचे और एक-एक कर मंजिलों को सुरक्षित किया।

### टी-20 वर्ल्ड कप में 9 ...

8 स्टेज के मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को होंगे। वहीं, टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताबी मैच 29 जून को खेला जाएगा।

### नवाचार आयोग से ...

अंतिम में नवाचार आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। इससे पूर्व वे रेरा के अध्यक्ष के रूप में पांच साल का कार्यकाल पूरा कर सेवा निवृत्त हुए थे। यह जानकारी भी मिली है कि भाजपा सरकार आने के बाद कांग्रेस शासन में नियुक्त आयोग मंडल के मनोनीत पदाधिकारियों को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन हटाए जाने से पहले श्री ढांड ने पद छोड़ दिया।

### आईएएस विकासशील ...

की अवधि के लिए नियुक्ति दी गई है। इनके अलावा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के स्थायी मिशन (पीएमआई) में राजदूत स्थायी प्रतिनिधि (पीआर) के पद पर सेंथिल पांडियन सी., आईएएस (यूपी:2002) की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में डॉ. एम. बालाजी, प्रवीन कुमार, स्मिता सारंगी, कल्याण रिवेला व तनु सिंह की अलग-अलग पदों के लिए नियुक्तियां की गई हैं।

### अब नहीं बुझेंगे स्कूलों...

हरिभूमि के अंक में खबर प्रकाशित किए जाने के बाद राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है।राज्य शासन द्वारा आबंटन जारी किए जाने के बाद अब स्कूलों के चूल्हे नहीं बुझेंगे। उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेश के 43 हजार प्राथमिक और मिडिल स्कूल में कार्य करने वाले रसोइया एक जनवरी से हड़ताल पर चले गए थे। जिसके चलते कई स्कूलों में प्रबंधन द्वारा वैकल्पित व्यवस्था की गई थी, लेकिन ज्यादातर गांव के स्कूलों में रसोइयों के नहीं होने के कारण शिक्षकों को भोजन परोसने तक की नौबत आ गई थी। प्रदेश के 31868 प्राथमिक और 13988 मिडिल स्कूल के लाखों बच्चे मध्यान भोजन नहीं मिलने से प्रभावित हो गए थे। राज्य शासन द्वारा पांच जनवरी 2024 को एक पत्र जारी कर प्रदेशभर के सभी जिलों में 76 करोड़ 2 लाख 90 हजार रुपए जारी कर दिए हैं। कुकिंग कास्ट भी एक साथ जारी - एक जनवरी नए साल से रसोइया प्रदेशभर में हड़ताल कर रहे थे। इस बीच संचालन करने वाले समूह की महिलाएं भी कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिलने से हड़ताल का मन बना रही थी, लेकिन राज्य शासन द्वारा पांच जनवरी को मटेरियल कास्ट का 33 करोड़ 77 लाख 31 हजार रुपए, रसोइयों का मानदेय 40 करोड़ 75 लाख 84 हजार रुपए जारी किया गया है। इसके साथ ही एमएमई का एक करोड 49 लाख 75 हजार रुपए जारी किया गया है। इस तरह 76 करोड़ 2 लाख 90 हजार रुपए जारी कर दिया गया हैं।

### नेताओं पर शंकराचार्य निश्चलानंद...

कम से कम मैं राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाऊंगा। वहां पर नेताओं का क्या काम है। प्राण प्रतिष्ठा करने का काम संतों का है। गर्भ गृह में संतों के स्थान पर नेता रहेंगे तो क्या हम बाहर बैठकर ताली बजाने का काम करेंगे। रावांभाठा स्थित अपने आश्रम में शंकराचार्य ने कहा, अयोध्या में मंदिर अभी पूरी तरह से बना नहीं है, उसको बनने में अभी एक साल से ज्यादा लगेगा, लेकिन अभी उसका उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों है। इसका मतलब साफ है। इस साल चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जो भौतिकवादी होते हैं, वह केवल वर्तमान की दृष्टि रखते हैं। मैंने भविष्य की दृष्टि से हस्ताक्षर नहीं किया। इतने साल बाद रामलला प्रतिष्ठित हो रहे हैं, बहुत अच्छी बात है। बरसों से उलझा हुआ काम संभल रहा है, लेकिन शास्त्रीय विधि से उनकी प्रतिष्ठा नहीं होगी यह तो सिद्ध हो गया।

### बाहर से लाकर मुसलमानों...

धर्मांतरण को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने कहा, नेताओं ने पहले श्रमजीवी, बुद्धिजीवी के आधार पर बांट दिया, फिर सवर्ण और असवर्ण में जनता को बांटा। अब आदिवासी और नवागंतुक में बांट रहे हैं। पुरी शंकराचार्य ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि योगी और मोदी अभी तो खुश है, आगे चलकर यूपी में तीन मिनी पाकिस्तान बन जाएगा। अयोध्या की तरह काशी और मथुरा में मस्जिद बनेगी। उन्होंने कहा, राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार होनी चाहिए , ऐसे आयोजन में मैं क्यों जाऊं'।

### सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं के...

सब्जेक्ट वाइज मार्किंग स्कीम जारी की थी। यानि जो छात्र थ्योरी एग्जाम, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट की परीक्षा दे रहे हैं, वे विषय के कुल अंकों के हिसाब से अपनी तैयारी पूरी रखें। सीबीएसई द्वारा जारी की गई मार्किंग स्कीम के अनुसार, कक्षा 10वीं में 83 विषयों और कक्षा 12वीं में 121 विषयों पर परीक्षा ली जाएगी

### इन विषयों की तिथियों...

जाएगा। इसी तरह कक्षा 12 के लिए फैशन स्टडीज जो 11 मार्च के लिए निर्धारित थी, बदल दी गई है और अब 21 मार्च को आयोजित की जाएगी।

# लोगों को संक्रमित करने वाला कोरोना कौन से स्वरूप में, पखवाड़े भर में नहीं चल पाया पता

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



भले ही कोरोना परेशानी का कारण नहीं बन रहा हो, मगर राज्य में यह वायरस अभी कौन से स्वरूप में है, इसका पता नहीं चल पाया है। पखवाड़ेभर में कोरोना ने डेढ़ सौ से अधिक लोगों को संक्रमित किया है। शुरुआती दिनों में जीनोम सीक्वैसिंग के लिए सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जिनकी रिपोर्ट अब तक नहीं मिल पाई है। जिनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, लगभग सभी स्वस्थ हो चुके हैं।

करीब चार माह के अंतराल के बाद 21 दिसंबर को राज्य में कोरोना के मामले सामने आए थे। राज्य में कोरोना जांच के लिए सैंपल बढ़ाने का निर्देश केरल सहित अन्य राज्यों में कोरोना के नए म्यूटेंट (स्वरूप) मिलने के बाद शुरू हुआ था। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से हिदायत जारी की गई थी कि संक्रमित होने वालों की ट्रैवल हिस्ट्री का पता लगाने के साथ सैंपल लेकर जीनोम सीक्वैसिंग के लिए एम्स के लैब भेजा जाए। जीनोम सीक्वैसिंग से यह स्पष्ट हो जाता है कि लोगों को बीमार करने वाला छद्म वायरस कोरोना अभी किस रूप में है। राजधानी समेत अन्य जिलों में संक्रमित हुए लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था, मगर अब तक इनकी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल पाई है। राज्य में प्रतिदिन कोरोना के अब दस से अधिक मामले सामने आने लगे हैं। हालांकि वायरस अभी लोगों को बीमार नहीं कर रहा है, मगर गाइडलाइन के मुताबिक उन्हें सप्ताहभर तक पाबंदी में रखा जाता है। राज्य में अभी कोरोना अपने पुराने रूप यानी ओमीक्रॉन के रूप में सक्रिय है अथवा समय के साथ उसने अपना स्वरूप बदला है, यह स्पष्ट करने के लिए जीनोम सीक्वैसिंग रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। सूत्रों का तर्क है कि जीनोम सीक्वैसिंग की रिपोर्ट अब तक नहीं मिलने की वजह कम सैंपल है। शुरुआती दिनों में राज्य में कोरोना के बेहद कम केस आ रहे थे। सभी के सैंपल भेजने के बाद भी उनकी जांच संभव नहीं हो पा रही है। जानकारी के मुताबिक कोरोना के म्यूटेंट का पता लगाने के लिए एक साथ करीब 48 सैंपलों की जांच की जाती है।

# पॉवर कंपनी के नए चेयरमैन दयानंद बोले- प्रदेश को ऊर्जा के मामले में बनाएंगे नंबर वन

हरिभूमि न्यूज - रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए चेयरमैन आईएएस पी. दयानंद ने शुक्रवार को डगनिया के मुख्यालय में अपना पदभार संभालते ही अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा के मामले में नंबर वन बनाने का काम होगा। वे पॉवर कंपनी के 12वें चेयरमैन बने हैं।

श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों की बैठक में प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा और जल से विद्युत उत्पादन संबंधित प्रस्ताव तैयार करने कहा। सेवा भवन में श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्च अधिकारियों की अलग-अलग बैठक ली। लगभग तीन घंटे चली बैठक में सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने कंपनी की उपलब्धियों और संरचना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 62 लाख उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में अधिकतम डिमांड 6157 मेगावाट तक पहुंची है, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के पूरी की गई। वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने जानकारी दी कि प्रदेश में जनरेशन कंपनी की कुल क्षमता 2978.7 मेगावाट है। जनरेशन कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत संयंत्र और अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत संयंत्र मड़वा पूरी क्षमता से बेहतर विद्युत उत्पादन कर रहे हैं।

गाय गुमी
एक लाल रंग की गीर गाय एवं एक काली रंग जर्सी गाय ग्राम मोहरा से गुम हो गया है।
जिस किसी व्यक्ति को जानकारी मिले इस मो. नं. में संपर्क करें
9826675761
जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जाएगा।

# बस्तर और दुर्ग में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी रहेंगे मौजूद**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद अब प्रदेश भाजपा संगठन ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। राजधानी रायपुर में प्रदेश संगठन की बड़ी बैठक के बाद अब एक ही दिन शनिवार को बस्तर और दुर्ग में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है। दोनों सम्मेलनों में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन अपने कार्यकर्ताओं का पहले कदम पर सम्मान करके उनको लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कहेगा। प्रदेश संगठन ने इसको लेकर रणनीति तैयार कर ली है। सबसे पहले रायपुर संभाग का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 जनवरी होना था, लेकिन इस दिन प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक होने के कारण इसे टाल दिया गया। अब रायपुर का सम्मेलन 9 जनवरी को होगा। इसके पहले अब 6 जनवरी शनिवार को पहले 12 बजे बस्तर में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इसमें बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के कार्यकर्ता जुटेंगे। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के ठीक बाद दोपहर 3 बजे दुर्ग संभाग का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इसमें भी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा।भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए संगठन के साथ ही अपने सभी मोर्चा की जिम्मेदारी तय कर दी है। मोर्चा में यूं तो सभी मोर्चा महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तीन अहम मोर्चा भाजयुमो, किसान और महिला मोर्चा हैं। इनके कंधों पर ही ज्यादा भार रहता है। ऐसे में किसान मोर्चा के लिए तय किया गया है कि इस मोर्चा के एक साथ पांच हजार नेता एक ही दिन पांच हजार गांवों में जाएंगे और वहां पर रात को रहने के साथ ही गांवों के किसानों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि प्रदेश में वापस आई भाजपा सरकार के साथ केंद्र की मोदी सरकार किसानों के लिए क्या-क्या काम कर रही है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग अम्बिकापुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक7424/NIT-07/23-24/व.ले.लि. / अम्बिकापुर दिनांक 20/12/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : - 12/01/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : - 16/01/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : - 17/01/2024 पूर्वाहन 11.00 बजे तक
निविदाकरों की श्रेणी : - एकल पंजीयन में पंजीकृत "द" वर्ग ठेकेदार
सड़क एस.ओ.आर : - 01.01.2015 लागू दिनांक 22.02.2023 तक संशोधित

| एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक सेल्वेन्सी (रू. में) निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| 07 T0106 | सी.जी.आर.डी.सी.एल. योजनान्तर्गत अम्बिकापुर धनवार वाराणसी मार्ग के कि.मी. 1 से 3, 14 से 18 एवं 36 से 38 / 4 कुल 10.40 कि.मी. में रोड सेफ्टी का कार्य | 19.86<br>14895.00<br>300000.00<br>750.00<br>03 माह वर्षा ऋतु सहित |

टीप :- सभी कार्यों का कार्यावधि मूल कार्य की पूर्णता तिथि से होगी निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है एवं निविदा संबंधित शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ / स )**
**संभाग- अम्बिकापुर**
**जी-06919/2**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम बोड़सरा तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मथुरा ध्रुव पिता दुकालू ध्रुव, उम्र 45 वर्ष, जाति गोंड़, निवासी- उसलापुर, तहसील सकरी, जिला- बिलासपुर छ.ग. के द्वारा उनके नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि ग्राम बोडसरा, प.ह.नं. 37, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 109 रकबा 0.3280 हे. भूमि को गैर आदिवासी क्रेता श्री दिव्यदीप गुप्ता पिता श्री द्वारिका प्रसाद गुप्ता के पास विक्रय करने हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / क / वा / ना.तह. / 2023
सकरी दिनांक 26.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संतोष कुमार पिता मोहितराम जाति लोधी निवासी सांवाताल तहसील सकरी द्वारा ग्राम सावाताल स्थित भूमि ख.नं. 433/1 रकबा 0.182 हे. आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि वर्तमान रिकार्ड में अनावेदक क्रमांक 02 दूजेराम राजपूत पिता कुंवर सिंह ग्राम सावांताल के नाम पर दर्ज है । जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है ।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक- 09.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट नं. 31/367 (प्रथम तल) श्री अब्दुल वारिस पिता श्री अब्दुल रज्जाक के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.06.2018 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत तृतीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 13.12.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अब्दुल साबिर पिता श्री अब्दुल इस्माईल के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति /शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी ।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

# लोकसभा में आएंगे उलट नतीजेः शुक्ला

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, इस बार लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार से छुटकारा पाने मतदान करेगी। भाजपा मुगालते में है कि राज्य में विधानसभा चुनावों की पुनरावृत्ति होने वाली है। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेंद्र मोदी ने जो वायदे देश की जनता से किए थे, उन वायदों का क्या हुआ? मोदी सरकार के 10 वर्ष भाजपा की वादाखिलाफी के स्मारक के रूप में याद किए जाएंगे। श्री शुक्ला ने कहा, मोदी ने वायदा किया था, अच्छे दिन आएंगे। मोदी के जाने के दिन आ गए, लेकिन अच्छे दिन नहीं आए। विदेश से काला धन लाने का वायदा किया। विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी सरकार की मिलीभगत से देश का धन लेकर फरार हो गए, मोदी सरकार देखती रह गई। विदेशों से काला धन नहीं आया। हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आने का वादा कर वोट ले लिए, 15 लाख की बात तो दूर, एक पैसा तक नहीं आया।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(तृतीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 150897 / निविदा सूचना क्र. 14/ व.ले.लि. / 2023-24 दि. 03.01.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 22.01.2024 17 :30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है
कार्य का नाम - कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर की उरिदगांव जलाशय के शीर्ष कार्य तथा नहर सुधार एवं लाईनिंग कार्य ।
अनुमानित लागत - रू.287.67 लाख
( एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 01.08.2014 तक )

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.01.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कोंडागांव**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**
**जी-06906/3**

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक**
**जगदलपुर वृत्त जगदलपुर बस्तर 494001 (छत्तीसगढ़)**

दूरभाष (कार्या.) : 07782-222006 (निवास) : 227634, (फैक्स) : 07782-222120 E-mail-ccfjagdalpur@rediffmail.com

**वनरक्षक (खेल कोटे) के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन**

वि.सू./क्र./23 दिनांक 02.01.2024

छत्तीसगढ़ राज्य, शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के जगदलपुर वृत्त के अधीन कार्यालयों वनमण्डलो में वनरक्षक (खेल कोटे ) के कुल 07 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रावीण्यता प्राप्त उम्मीदवारों से किया जाना है । इच्छुक उम्मीद्वारों से दिनांक 23.01.2024 सायं 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में कॉलम 05 में दर्शाये गये पते पर पंजीकृत डाक (पावती सहित)/स्पीड पोस्ट से ही भेजा जावे। कार्यालय में सीधे प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

1. यह नियुक्ति/चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर याचिका क्रमांक एस.एल.पी (सी) नं. 19668/2022 में पारित होने वाल अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन रहेगी।
2. उपरोक्त पद राज्य स्तर के है तथा इन पदों पर नियुक्ति / चयन की कार्यवाही गठित समिति की अनुशंसा पर संबंधित जिला वनमण्डल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जावेगी । चूंकि यह भर्ती खिलाड़ी कोटे के अंतर्गत संपन्न की जा रही है, अतः उस विद्या के अभ्यर्थियों के साथ खुली स्पर्धा में परीक्षण प्रतियोगिता खेल विशेषज्ञों के निर्देशन में कराई जावेगी तथा उन्ही विशेषज्ञों की अनुशंसा पर चयन क्रम का निर्धारण किया जावेगा ।
3. भर्ती नियमों में प्रावधान अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता प्रमाण पत्र, पैदल चाल परीक्षण एवं शारीरिक नापजोख में निर्धारित मापदण्ड को पूर्ण करना अनिवार्य होगा । उम्मीदवारों का चयन निम्नलिखित खेल विद्या से किया जावेगा ।

**उम्मीदवारों का चयन निम्नलिखित खेल विद्या से किया जावेगा।**

| क्र. | खेल का नाम | महिला | पुरूष | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऊंची कूद | 01 | 01 | 02 |
| 2 | गोला/तार गोला फेंक | 01 | 01 | 02 |
| 3 | बाधा दौड़ | - | 01 | 01 |
| 4 | 200 मीटर धावक | 01 | - | 01 |
| 5 | 800 मीटर धावक | 01 | - | 01 |
| | योग | 04 | 03 | 07 |

रिक्त पदों की जानकारी

| पदनाम | अनारक्षित (खेल कोटा) | | योग | कार्यालय जहाँ आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है (नोडल) |
|---|---|---|---|---|
| | महिला | पुरूष | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वनरक्षक | 04 | 03 | 07 | वनमण्डलाधिकारी, बस्तर वनमण्डल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) पिन 494001 |

1. पदों की संख्या में वर्गवार कमी या वृद्धि हो सकती है । चयन / नियुक्ति के समय वास्तविक रिक्तियों के विरूद्ध चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी ।
2. छ.ग. शासन तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) वन सेवा भर्ती नियम 2012 में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता पूर्ण करना होगा ।
3. छ.ग. शासन वन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के पत्र क्र./एफ 1-53/2003/10 -1 / वन नया रायपुर दिनांक 06.07.2020 के अनुसार वनरक्षकों की सीधी भर्ती हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अधीन भर्ती की जावेगी |
4. छ.ग. शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देश 33/2023 के निर्देशानुसार चयनित वनरक्षकों को 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया जावेगा ।
5. आवेदन पत्र एवं भर्ती प्रक्रिया संबंधी नियम व शर्ते विभागीय वेबसाईट ww.cgforest.com /www.forest.cg.gov.in पर उपलब्ध किये जायेगे ।

**जी-06895/3** **मुख्य वन संरक्षक- जगदलपुर वृत्त जगदलपुर**

**माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अंबिकापुर ग्राम-केरता**
**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 021 दिनांकः 05/01/2024

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम केरता में पेराई सत्र 2023-24 में कारखाने का बीमा हेतु प्रथम ई-निविदा में पर्याप्त निविदाकार नहीं होने के कारण व्यावसायिक भाग को नहीं खोला गया था, निम्नलिखित तिथि अनुसार पुनः द्वितीय ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों /निविदाकार द्वारा द्वितीय ई - निविदा में भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाइट में जाकर ई- निविदा हेतु फार्म राशि 1311.00 रुपये (1000.00) रुपये 311.00 रुपये चिप्स द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाइन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाइन वेबसाइट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म डाऊनलोड कर भरकर अपलोड कर सकते हैं।

| क्र. | निविदा का विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01. | पेराई सत्र 2023-24 में कारखाने का बीमा हेतु द्वितीय ई-निविदा | दिनांक 06/01/2024 को समय साम 05.00 बजे से 15/01/2024 को दोपहर 02.00 बजे तक (निर्धारित अंतिम समय तक http://eproc.cgstate.gov.in पे अपलोड किया जाना होगा। ई- निविदा अपलोड होने पर ही मान्य किया जावेगा।) | दिनांक 15/01/2024 को समय दोपहर 02.05 बजे के बाद |

पेराई सत्र 2023-24 में कारखाने का बीमा हेतु द्वितीय ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र हेतु कारखाने के Website-www.mahamayasugar.com एवं शासकीय ऑनलाईन वेबसाइट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखा एवं डाऊनलोड किया जा सकता है एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा मात्रा में कमी या वृद्धि किया जा सकता है एवं बिना कारण बताए निविदा निरस्त किया जा सकता है।

**प्रबंध संचालक**

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

# जिला पंचायत सीईओ सहित 29 प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन ने दो जिला पंचायत सीईओ समेत 29 प्रशासनिक अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। हाल ही में 88 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों और नई पदस्थापना आदेश के बाद सरकार का यह दूसरा बड़ा फेरबदल है।

**नई पदस्थापना आदेश के बाद सरकार का यह दूसरा बड़ा फेरबदल**



## ये है तबादला सूची

डॉ. रेणुका श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद से अपर कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर, इंद्रजीत बर्मन अपर कलेक्टर कबीरधाम से अपर कलेक्टर बलरामपुर रामानुजगंज, रविकुमार साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी, जगन्नाथ वर्मा संयुक्त कलेक्टर रायपुर से संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर, विपुल कुमार गुप्ता संयुक्त कलेक्टर दुर्ग से संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, प्रवीण कुमार वर्मा संयुक्त कलेक्टर दुर्ग से संयुक्त कलेक्टर बस्तर, धनीराम रात्रे संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ से संयुक्त कलेक्टर बेमेतरा, अतुल विश्वकर्मा संयुक्त कलेक्टर रायपुर से संयुक्त कलेक्टर बलरामपुर रामानुजगंज, सुश्री सुमन राज संयुक्त कलेक्टर बीजापुर से संयुक्त कलेक्टर रायपुर, जागेश्वर कुमार कौशल डिप्टी कलेक्टर दुर्ग से डिप्टी कलेक्टर बीजापुर, धनराज मरकाम डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा से डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, मुकेश कुमार गोंड डिप्टी कलेक्टर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा से डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा, श्रीमती उमा राज डिप्टी कलेक्टर धमतरी से डिप्टी कलेक्टर अंबिकापुर, नरेंद्र कुमार बंजारा डिप्टी कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा से डिप्टी कलेक्टर कांकेर, टीकाराम देवांगन डिप्टी कलेक्टर गरियाबंद से डिप्टी कलेक्टर कांकेर, विश्वास राय मस्के डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा से डिप्टी कलेक्टर जशपुर, महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, हरिओम द्विवेदी डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर जशपुर, श्रीमती ललिता भगत डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर कोरबा से डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, रोहित कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ से डिप्टी कलेक्टर जशपुर, शिवकुमार कंवर डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ से डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, शबाब खान डिप्टी कलेक्टर जशपुर से डिप्टी कलेक्टर सुकमा, गौतम सिंह डिप्टी कलेक्टर बलरामपुर रामानुजगंज से डिप्टी कलेक्टर कोरबा, ओमप्रकाश वर्मा डिप्टी कलेक्टर बस्तर से डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़, विश्वास कुमार डिप्टी कलेक्टर उत्तर बस्तर से डिप्टी कलेक्टर सक्ती, रामसिंह सोरी डिप्टी कलेक्टर नारायणपुर से डिप्टी कलेक्टर सुकमा, शंकर लाल सिन्हा डिप्टी कलेक्टर कोंडागांव से डिप्टी कलेक्टर बस्तर, श्रीकांत कोर्राम डिप्टी कलेक्टर सुकमा से डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव स्थानांतरित किए गए हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल बेलतरा, तहसील बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**//सूचना पत्र//**

क्रमांक//सीमांकन/रा.नि.मं./2024 बेलतरा, दिनांक /04-01-24

प्रति,
आवेदक दुर्गेश कुमार कश्यप
समीपी भूस्वामी दीनानाथ कैवर्त/लतेलराम, गोपाल सोनी/शंकर लाल, रामलखन/सूरजदीन
N.H.A.I सड़क विभाग
टीप- ज्ञापन में दर्ज चौहद्दी अनुसार
विषय -सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ -न्यायालय तहसीलदार बेलतरा, बिलासपुर का ज्ञापन क्रमांक//वा-तह./2023 बेलतरा, बिलासपुर, दिनांक 01-09-2023

---0---

ग्राम बेलतरा प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. बेलतरा, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 464/1 ख. 464/2 ख. रकबा कुल रकबा 0.036 हे./वर्गफूट के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका दुर्गेश कुमार कश्यप निवासी बांगो माचाडोली तहसील पोडी उपरोडी के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बेलतरा बिलासपुर को छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12-01-2024 समय 10.30 से 05.00 बजे किया जाना है। अतः आप समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. बेलतरा बिलासपुर**

# बैज बोले- भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा साबित होगा परिवर्तक सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य को लेकर राहुल गांधी एक बार फिर से देशव्यापी यात्रा पर निकल रहे है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा।

**लोकतंत्र, एकता-अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है कांग्रेस**

श्री बैज ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के माध्यम से जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा, जो मृत्यु के समय भी श्रीराम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानते हैं। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है। श्री बैज ने कहा, देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र धर्म और सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं, वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है। जब देश चलाने वाले दल, सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों, शिक्षा, रोजगार के परिदृश्य को पीछे धकेलकर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हों, तब उस समय कांग्रेस जैसी जनसरोकार वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने, देश की एकता तथा अखंडता को बचाने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा जैसा महाभियान चलाए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का यही उद्देश्य है।






## होटल में तोड़फोड़ कर्मचारियों से मारपीट

रायपुर। आजाद चौक थाने में एक होटल संचालक ने दो व्यक्तियों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ होटल में तोड़फोड़ करने तथा कर्मचारियों के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

* रायपुर। खम्हारडीह थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से घर में छिपाकर रखे देशी कट्टा जब्त की है। कचना, रावण तालाब निवासी सुरेश यादव के कब्जे से कट्टा जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार हुलिए के आधार पर सुरेश को थाने लाकर पूछताछ किया गया तब उसने अपने घर के एक कमरा में कट्टा छिपाकर रखे होने की जानकारी पुलिस को दी।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये... तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें। क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे है? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप वैदेही तुलसी कफ सीरप नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक 2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय- 3 पद, सामान पैकेजिंग, लोडिंग अनलोडिंग, सफाई कार्य करने के लिए आवश्यकता है। वेतन- 8000 से 10000 सम्पर्क करें- 9575488884 **(32434)**

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में हेल्पर कार्य हेतु लड़के, लड़की, कम्प्यूटर हेतु लड़की (Busy/ Telly अनुभवी) बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार, SBI ATM के पास, रिंग रोड No-2, बिलासपुर 7470592624 **(32432)**

**आवश्यकता है-** नीमित लुब्रीकेन्ट, ऑटो पार्ट्स दुकान में काम एवं सामान को ट्रांसपोर्ट में छोड़ने हेतु एक लड़का चाहिए (जो गाड़ी, ऑटो, ईरिक्शा चलाना जानता हो) सम्पर्क करें- कुदुदण्ड बिलासपुर 9340672459, 7489835003 **(32429)**

**आवश्यकता है-** माँ भवानी मेडिकल स्टोर गुरुनानक चौक तोरवा दवा दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन पांच अंको में। शीघ्र सम्पर्क करें- 9302628850, 98271 26760 **(32436)**

**आवश्यकता है-** बिजली, पानी, आवास फ्री, स्कूल सहायिका 40वर्ष से कम, मासिक वेतन 4000/- और एक डीजल आटो चालक चाहिए मासिक 9000/- सम्पर्क करें- अरोरा सर पंचवटी स्कूल राजकिशोर नगर बिलासपुर 9340347654 **(32437)**

**आवश्यकता है-** बर्तन दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। (कॉल करें- सुबह 11 बजे से रात 9 बजे) सम्पर्क करें- इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 9993293951 **(32428)**

**आवश्यकता है-** अशोक नगर, व्यापार विहार, मंगला, सिरगिट्टी, बिल्हा, रायगढ़ में कार्य हेतु गार्ड चाहिए रहना फ्री वेतन 9000 से 13000 पता- आस्था वॉचमैन पावर कंसलटेंसी, शॉप-15 बजरंग काम्पलेक्स बिलासपुर 9754713125, 8889997822 **(32433)**

**आवश्यकता है-** हुंडई एक्सेंट/ मारुति अर्टिगा चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- पावन हर्बल व्यापार विहार रोड बिलासपुर 930091 4804 **(32426)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु निपुण अनुभवी मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार ड्राइवर, साफ सफाई हेतु लड़का, लड़की चाहिए वेतन 6000 से 12000 सम्पर्क- अजय शुक्ला ग्रीन पार्क, हर्ष आशियाना जरहाभाठा बिलासपुर 9300611118 **(32438)**

**आवश्यकता है-** एक लेडीज मरीज की देखभाल के लिए कुशल, योग्य लड़की या लड़के की आवश्यकता है रहना एवं खाना सभी सुविधा। सम्पर्क whatsup करे- 8349770974 **(32439)**

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी गार्ड- 10वीं पास, ड्राइवर- 10वीं पास, इलेक्ट्रीशियन (डिप्लोमा या आईटीआई) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7880097553 **(32406)**

**आवश्यकता है-** छोटे बच्चे की देखभाल हेतु अनुभवी आया एवं चौकीदार, अनुभवी वेल्डर एवं फिटर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। रहने की सुविधा दी जाएगी। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 7583808008, 98835 82580 **(32441)**

**आवश्यकता है-** Marketing Manager- 2, Field Officer - 2, Tele Caller 1 की अर्जेंट आवश्यकता है वेतन 10000 से 25000 पेट्रोल खर्च अलग सम्पर्क करें- उद्योग फाइनेंस बिलासपुर 9285000030, 6269111133 **(32440)**

**आवश्यकता है-** एकाउंटेंट - 1, सेल्समेन -2, सर्विस एडवाइजर -1, फ्लोर सुपरवाइजर -1, सुपरवाइजर - 1, टेलीकॉलर ऑपरेटर -4, की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- एस. मानसी होंडा, मुंगेली 9685010000, 79000 00143, 9131402454 **(32431)**

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक फैक्ट्री में मशीन संभालने हेतु (ITI) मशीन ऑपरेटर चाहिए। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क-कान्हा प्लास्टिक इंडस्ट्रीज शेड नं.-3 सत्या मोटर्स के बाजू, यदुनंदन नगर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 98271 93386 **(32418)**

**आवश्यकता है-** सर्जिकल ऑफिस में टेली आपरेटर के लिए लड़की की आवश्यकता है 2 से 3 साल अनुभव अनिवार्य संपर्क करें A/158 अज्ञेय नगर, भारतीय नगर चौक व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9893367787 **(32442)**

**आवश्यकता है-** फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़के 10 लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- विशाल मेगा मार्ट के बाजू में अशोक नगर चौक के पास सीपत रोड, बिलासपुर 98931 27584 **(32407)**

**आवश्यकता है-** खाना बनाने के लिए अनुभवी कुक की तत्काल आवश्यकता है अनुभवी ही आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- श्याम एजेन्सी, शाकुन्तलम भवन लिंक रोड बिलासपुर **(32409)**

**आवश्यकता है-** अनुभवी PRO (फिल्ड वर्क हेतु) अनुभवी रिसेप्शनिस्ट, अनुभवी मेडिकल स्टाफ (मेडिकल स्टोर हेतु) आया बाई (रात के लिए) पता- प्रभा हॉस्पिटल महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा, पुराना सरकंडा बिलासपुर 747094 6314 **(32410)**

**आवश्यकता है-** वैक्सपोल लुब्रिकेंट & पॉलिश कम्पनी में मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (वेतन 16000 से 25000, टीए, डीए एक्सट्रा) कम्प्यूटर आपरेटर (वेतन 6000 से 10000) चाहिए। सम्पर्क करें- सिंघानिया इंटरप्राइजेस, व्यापार विहार बिलासपुर 70490 16518, 7974811410 **(32403)**

**आवश्यकता है- कोरबा एवं जमनीपाली में सिविल इंजीनियर डिप्लोमा, सिविल सुपरवाइजर, ट्रेंड कार ड्राइवर, ऑफिस स्टॉफ की आवश्कता है। कम्प्यूटर का अनुभव, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- सृजन बिल्डर कोरबा 94255 32182, 8770157308 (20939)**

**आवश्यकता है-** पिकअप ड्राइवर 2, सेल्समैन 2, अनुभव 2वर्ष एवं सामान निकालने हेतु लड़की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- गोल्डन बार गली, दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 9881122060, 07752 411422 **(32412)**

**आवश्यकता है-** (1) रियल एस्टेट सेल्स टेलीकॉलर एवं ऑफिस मैनेजर (female) (2) ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेंसी, शिक्षित ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 **(32413)**

**आवश्यकता है-** UTN Shop में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 तक पता- शॉप नम्बर FS-16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 8878973171 **(32420)**

**Required-** Factory Supervisor at Goutam Plastics & Industries, Tifra industrial Area, Bilaspur Contact- 9691299992 **(32419)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल होलसेल में पैकिंग, डिलवरी एवं दुकान में कार्य के लिए पढ़े लिखे लडके, लडकियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(32422)**

**आवश्यकता है-** चश्मा शोरूम में कार्य हेतु सेल्समैन चाहिए वेतन योग्यता अनुसार 7000 से 15000, अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क- गुरुनानक चश्मा, सिम्स के सामने, मिशन हॉस्पिटल मोड़ के पास मेन रोड बिलासपुर **(32414)**

**आवश्यकता है-** टेलीकालिंग हेतु लड़कियों और महिलाओं की आवश्कता है। सम्पर्क करें- मंदिर चौक, जरहाभाठा बिलासपुर 8982818759 **(32424)**

**आवश्यकता है-** कानूनी पुस्तकों के मार्केटिंग हेतु लड़के लड़कियों चाहिए उम्र का बंधन नहीं वेतन 6000 से 10000+ कमीसन पता आदर्श लॉ हाउस डीपी कॉलेज के सामने पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 9827079947 **(32416)**

**आवश्यकता है-** दुकान में इन्डक्शन, ओवन, मिक्सी, आयरन बनाने वाला मिस्त्री चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्भारे गैस कुकिंग, होटल अजीत के बगल में, तेलीपारा, बिलासपुर 7000967257, 79878 48198 **(32423)**

**आवश्यकता है-** कैंटीन मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, बर्तन धोने एवं काउन्टर में खाना देने हेतु कर्मचारी चाहिए। रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बिलासपुर 8871824812, 9993334937 **(32391)**

**आवश्यकता है-** इन्दौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष, 10/12, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 8000+ रहना, खाना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा। सम्पर्क करें- 74154 55110, 7898882634 **(32401)**

**Required-** Sr. Accountant- M.Com (Exp. Holder)/ CA- Intern. Accountant- B.Com with exp. in Articleship/ CA firm. Billing Executive- B.Com with exp.in Hospital TPA/ Corporate Billing. Contact- 7880097553 **(32405)**

**आवश्यकता है-** एफ.एम.सी.जी. में सेल्समैन और सेल्सगर्ल, गोदाम में माल निकालने के लिये लड़कियो की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग एफसीआई रोड तारबहार बिलासपुर 8305099999, 90091 99997 **(32390)**

**आवश्यकता है-** होलसेल कपड़ा दुकान में काम करने के लिए महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- टुटेजा क्लॉथ सिंडिकेट, पानी टंकी के पीछे श्री राम क्लॉथ मार्केट, अग्रसेन चौक, बिलासपुर **(32399)**

**आवश्यकता है-** रेडीमेड सलवार सूट, साड़ी शोरुम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर आपरेटर (बिजी साफ्टवेयर) हेतु चाहिए। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें-प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो, श्रीराम मार्केट, बिलासपुर 8319134866, 95895 99800 **(32393)**

**आवश्यकता है-** हाऊस किपिंग/ स्वीपर (लड़के) एवं किचन हेल्पर पुरुष या महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 10 से 1बजे हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउण्ड के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर 7776864202 **(32389)**

**आवश्यकता है-** अकाउंटेंट चाहिए टैली एवं बिजी का अनुभव होना चाहिए सम्पर्क करें- अविनाश मोदी & कम्पनी, पी-2, संजय अपार्टमेंट, इंडसइंड बैंक के बाजु में, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 **(32388)**

**आवश्यकता है-** ग्लोबल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेन्ट भर्ती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500+ 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना, मेडिकल फ्री मार्क शीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। सम्पर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास, लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) 9109799525 **(6301)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिए एक अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियां या लड़के की आवश्यकता है पता- व्यापार विहार बिलासपुर 7999940761, 982710 2834 **(2390)**

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है संपर्क करें -होटल राजा टेलीफोन एक्सचेंज रोड पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 96300 99009 **(32383)**

**आवश्यकता है-** कानपुर झांसी में ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल, किराया आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाएं 15000 से 20000 सम्पर्क बिलासपुर 8770508791, 72258 15090, 6266578863 **(32400)**

JD INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY Welcome to imagination Since 1988 Leading Change
WE ARE HIRING
INTERIOR DESIGNER (FACULTY), FASHION DESIGNING (FACULTY) COUNCELLOR, RECEPTIONIST, OFFICE BOY, DRIVER
We are looking for highly skilled, Motivated and Dynamic individuals with Minimum Eligibility- Graduation Location- Bilaspur Language- Hindi/ English
Mo. 9685858425
9575558854, 9424185377
mail id: jdinstitutebsp@gmail.com

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु (10AM to 9PM) लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वीं/ 12वीं, सम्पर्क करें- सीताराम एण्ड सन्स, लवली ड्रेसेस के सामने, गोल बाजार बिलासपुर 8085556001 **(32381)**

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (Head Department) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (35400- 83900) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्कः- 09310717928 **(2358)**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन सम्पर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 7247256787 **(323402)**

**आवश्यकता है-** शादी भवन मे साफ सफाई कार्य हेतु आया एवम् रेजा की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- पल्लव भवन, रिंग रोड 2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ **(32396)**

**आवश्यकता है-** अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी/ कमीशन संपर्क करे-96999 91449 **(32329)**

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में काम करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- धन्वंतरी मेडिको ट्रेडर्स, मसानगंज बिलासपुर 9827123009, 62678 24304 **(32398)**

**आवश्यकता है-** उमा एजेंसी में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समेन की आवश्यकता है, वेतन 9000/- से 12000/- संपर्क करेंः- उमा एजेंसी देवरीखुर्द जेबीएस स्कूल के सामने बिलासपुर 96444 36669 **(2395)**

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें सम्राट अशोक कंस्ट्रक्शन, हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 9522888866, 9522888818 **(32368)**

**आवश्यकता है-** बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 **(1310)**

**आवश्यकता है-** दो सेल्समैन/ सेल्सगर्ल, चार फोल्डर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीलक्ष्मी साड़ी संजय तरण पुष्कर के सामने मुंगेली नाका बिलासपुर 7441151111 **(32369)**

**आवश्यकता है-** एक अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर/एकाउंटेंट की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सराफ मनसुख लाल ज्वेलर्स केनरा बैंक के बगल में, सदर बाजार बिलासपुर 98271 08605, 9981111264, 9993251234 **(32374)**

**आवश्यकता है-** स्मार्ट सेल्स मार्केटिंग ऑफिसर (लड़का/ लड़की) जिन्हें काम का अनुभव और अंग्रेजी भाषा बोलना आती हो। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन अनुभव अनुसार। बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 9827482220 **(32376)**

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन साइट में साइट मैनेजर एवं कस्टमर रिलेशन मैनेजर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सुबह 11 से 8बजे, के.डी. कंस्ट्रक्शन, 2nd फ्लोर, बीआर ग्वालानी चैम्बर्स, व्यापार विहार बिलासपुर 7987591885 **(32377)**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य हेतु स्टाफ एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- एपेक्स सिस्टम, राजा नर्सरी के पास, मगरपारा रोड बिलासपुर **(32378)**

**आवश्यकता है-** कोरल, फोटोशॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी ग्राफिक डिजाइनर चाहिए। आकर्षिक वेतन। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- भार्गव स्क्रीन्स, ए-16, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा लिंक रोड बिलासपुर/ बायोडाटा वाट्सएप करें- 9827167997 **(32379)**

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (Head Office) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना+ खाना+ मेडिकल) रायपुर संपर्क-08882 895824 **(2369)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य टेलीकालिंग हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता हैं योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट। सम्पर्क करें- नेहरू नगर स्मार्ट रोड, गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(32361)**

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा/ स्विफ्ट चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी क्रिस्टा-25000, स्विफ्ट- 15000+ PF+ ESI+ पेंशन संपर्क करें-राहुल ट्रैवल्स, रायपुर एयरपोर्ट 73994 11411 **(3670)**

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी SMS Sending Calling Job करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500- 48500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ़्त Name पता Qualification, Call/ SMS/ Whats App करें- 8695963713 **(1306)**

**आवश्यकता है-** जूस लाउंज एंड चाट लाउंज में कार्य करने हेतु कैशियर, क्लीनर एवं कुक की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- पुराना हाईकोर्ट, बिहारी टॉकीज के बगल में, बिलासपुर 99079 59069 **(32380)**

**आवश्यकता है- कोरबा एवं जमनीपाली में भवन, फ्लैट, जमीन, भूखंड विक्रय हेतु मार्केटिंग एजेन्ट (युवक/ युवतियों) की कमीशन अथवा पेंमेट पर आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सृजन बिल्डर कोरबा 9425532182, 87701 57308 (20938)**

**आवश्यकता है-** सुपर मार्केट में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुभवी लड़के एवं डिलेवरी ब्वाय की आवश्यकता है वेतन 7000 से 8000 लोकल को प्राथमिकता सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 7999923698, 8962141941 **(32384)**

**आवश्यकता है-** अम्बे कंस्ट्रक्शन (real estate) में 20000 से 30000 हर माह कमाएं टेलीकॉलिंग एवं मार्केटिंग फील्ड हेतु लड़को और लड़की की सैलरी+ इंसेंटिव भी संपर्क-राजकिशोर नगर मोपका बिलासपुर 79872 36607 **(2392)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओ की आवश्यकता है उम्र 18 से 35 वर्ष सैलेरी 5000 से 25000 तक कमाने का सुनहरा अवसर सम्पर्क करें- कोन्हेर गार्डन पास, चांटापारा बिलासपुर 6266328817 **(32386)**

**आवश्यकता है-** मैट्रिमोनी में टेली कॉलिंग एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु महिला, युवती की आवश्यकता है वेतन 5500/- अनुभवी तथा कम योग्यता वाले भी संपर्क करें- पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 96174 67221 **(2391)**

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 5वी, 8वी, 10वी पास हाईट 5फीट 6इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना, फ्री, वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क -8109070600, 7869230888, 80858 59632, 8839506548 **(1028)**

## बेचना

**बेचना है-** जमीन डायवर्टेड तत्काल बेचना है 32 लाख में 42×52= 2184 वर्गफुट बाल्टी फैक्ट्री के पीछे जोरापारा सरकण्डा बिलासपुर में। सम्पर्क करें- 9827175001 **(32373)**

**बेचना है-** बंधवापारा सरकंडा बिलासपुर में आदिवासी डायवर्टेड जमीन बेचना है। फ्रंट 23, लम्बाई 48 फिट टोटल 1104 स्क्वायर फिट जमीन। केवल खरीददार ही सम्पर्क करें- 9691615563, 98936 21098 **(32408)**

**बेचना है-** कोनी मेनरोड पर अपना ढाबा के पीछे आश्रम रोड पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से 3km की दूरी पे T&C RERA अप्रूव्ड सर्वसुविधायुक्त शानदार कॉलोनी में प्लॉट व मकान उपलब्ध हैं 9140542949 **(2398)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**बेचना है-** (1) ओम नगर में 30×40 का डायवर्टेड प्लाट जो 25 फीट चौड़े रोड में बेचना है (2) अशोक नगर में 109×50 विभिन्न साइजो में प्लाट उपलब्ध है। अशोक नगर चौक से 1.5 km. बिरकोना जाने वाली डामर रोड से साईड रोड में 300 मीटर अन्दर 20 फीट की रोड में स्थित है सम्पर्क करें- 9329222816, 8124707593 **(32404)**

**बेचना है-** मंदिर चौक कस्तूरबा नगर शहर के मध्य शानदार लोकेशन में 3.50 डिसमिल पूर्व मुखी प्लॉट एवं अशोक नगर पत्रकार कॉलोनी के पास रोड से 100 मीटर में 5 डिसमिल प्लॉट तत्काल बेचना है मो.- 9907169462 **(2394)**

**बेचना है- शैलोम होम्स टावर पूर्ण विकसित सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास एबी कैसल के बाजू 2BHK रेडी पजेशन फ्लैट बेचना है फॉल सीलिंग सहित कीमत 23लाख। सम्पर्क करें- 9644644754, 97520 20227 (32411)**

**बेचना है-** सागरदीप, सांई नगर उसलापुर में 35×45= 1575 वर्गफुट में डबल स्टोरी मकान, 4 बेडरूम, 4 टायलेट, 2किचन, 2हाल, 2बरामदा, पूजा, स्टोर, बोर, कार पार्किंग सहित बेचना है। सम्पर्क करें- 9575488801, 90096 19400 **(32370)**

**बेचना है-** सागरदीप सांई नगर उसलापुर में 24×30= 720 वर्गफुट में मकान 2 बैड रूम दोनों अटैच, हाल, बरामदा, किचन, बोर, छोटी फैमली के लिए बेचना है। सम्पर्क करें- 9575488801, 90096 19400 **(32371)**

**बेचना है-** अग्रसेन चौक पास सेमी कामर्शियल 3मंजिला दुकान छत सहित 35लाख, तेलीपारा दरबार लाज के पीछे 3मंजिला दुकान 41लाख, करबला मेन रोड 3मंजिला दुकान 65लाख सम्पर्क मनीष जगवानी 9827180010 जगवानी कंस्ट्रक्शन **(32087)**

**बेचना है-** बिलासपुर नया बस स्टैण्ड के पास यदुनन्दन नगर कालोनी कामर्सियल प्लाट डबल रोड 20×47, 35×81 चारो तरफ रोड, सभी साइज आवासीय प्लाट, मकान, दुकान बेचना है सम्पर्क- राजपाल कंस्ट्रक्शन 93006 12345 **(32279)**

**बेचना है-** DPS स्कूल एवं बस स्टैंड बिलासपुर से 1.5km जीएसटी आफिस से लगा 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620 7898918151 **(31649)**

**बेचना है-** यदुनन्दन नगर तिफरा के विभिन्न हिस्सों में डायवर्टेड प्लॉट कीमत 550 से 1100 रुपए में एवं 26 लाख में 2BHK मकान, 2:67 लाख छूट। संपर्क रविन्द्र पाटनवार 9753311111 **(31558)**

**बेचना है-** सागरदीप सांई नगर उसलापुर में 10×16 साइज में 4 दुकान चौक में, बेचना है। सम्पर्क करें- 9575488801, 9009619400 **(32372)**

## किराया

**किराया-** किराए से देना है अच्छी कंडीशन में दुकान या ऑफिस हेतु 11×14= 154sf शहर के अंदर कम रेट में तारबाहर चौक के पास गैस एजेंसी के बगल में 98268 79131, 7697128760 **(32392)**

**किराया -** दो बेडरूम, हाल बैठक, दो लेटबाथ 24 घंटे पानी, मच्छर जालीयुक्त सर्वसुविधायुक्त मकान महामाया बिहार, वेयर हाउस रोड में किराये से देना है शासकीय अधिकारी को प्राथमिकता संपर्क 9131281274 **(32425)**

**किराया-** दिनदयाल कालोनी मंगला MIG-35 में 3 बैडरूम ड्राइंग डायनिंग, हॉल, किचन, 2लेटबाथ, फैन, लाइट, इनवर्टर कैमरा पार्किंग मकान किराए पर देना है सरकारी अधिकारी ही सम्पर्क करें 9893590564, 91747 74777 **(32367)**

**किराया-** Jain Plaza near CMD Chowk, Ground floor में फ्रण्ट की शॉप 400 Sqft) किराये से देना है। Contact- 83199 52306 **(32271)**

## चिकित्सा

**चिकित्सा-** विशेष छूट जांच मात्र 300 रुपए में शुगर, बीपी, थायरायड, सामान्य रोगों के लिए सम्पर्क करें- डॉक्टर एस.के. दत्ता समाधान नर्सिंग होम राजीव गाँधी चौक बिलासपुर **(32104)**

**दन्त चिकित्सा-** दांत एवं मसुड़ों में दर्द सूजन, गुटखा के सेवन से होने वाले, छाले मुह न खुलने से परेशान मरिज संपर्क करें घोष डेन्टल क्लीनिक बृहस्पति बाजार मिशन स्कूल के पास बिलासपुर मो. 88154 49963, 8964040641 **(32427)**

## ज्योतिष

**ज्योतिष-** आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। पताः-2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg संपर्कः- स्वामी कुलदीप जी 80591 78317 **(2384)**

## फाइनेंस

**फाइनेन्स-** (धोखेबाजों से सावधान) महिंद्रा फाइनेंस आधारकार्ड, पर्सनल, मार्कशीट बिज़नेस कम समय आसान किस्तो पर घर बैठे लोन पाएं अपना रोजगार बढ़ाए (ब्याज 2%) (फाइलचार्ज लोन द्वारा) जरुरतमंद संपर्क करे 8307770239 **(1309)**


## परिचय सम्मेलन

**परिचय सम्मेलन-** सीता देवी काम्प्लेक्स-चांपा रोड जांजगीर में 7 जनवरी दिन रविवार सुबह 7 बजे से शाम 6बजे तक Mo.- 8889934482 यह सम्मेलन अन्तर्जाति विवाह के लिए रखा गया है। इसमें सभी धर्म जाति के रिश्ते स्वीकार किये जाते हैं। लड़का लड़की तलाकशुदा विधुर उम्रदराज बौने विकलांग सभी के रिश्ते मिलते हैं। रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000 रुपये वन टाईम के लिए दोबारा कोई फीस नहीं लगेगी **(32430)**

**सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# सबालेंका की ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत, खिताब से दो कदम दूर



एजेंसी ▸▸ब्रिसबेन

*ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था।*

### अजारेंका ने दर्ज की जीत

ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे।



### युकी-रॉबिन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

### सेमीफाइनल में रिबाकिना

इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।




### सेमीफाइनल में पहुंची कोको गॉफ और नवारो

**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने वर्षा से प्रभावित क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां फ्रांस की वारवरा ग्रेचेवा को सीधे सेट में हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीय और गत चैंपियन कोको गॉफ ने सिर्फ 52 मिनट में मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता। कोको गॉफ ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है जबकि पिछले साल भी खिताबी जीत के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत हमवतन अमेरिकी एम्मा नवारो से होगी जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की पेत्रा मार्टिच को 6-4, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### तवांग करेगा कयाकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में अगले महीने तवांग चू नदी पर पूर्वोत्तर के सबसे बड़े कयाकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। तिब्बत की दो नदियां इस तवांग चू नदी में मिलती हैं जिसके बाद यह भूटान में जाने के बाद अंत में ब्रह्मपुत्र में विलीन हो जाती है। टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कयाकिंग टूर्नामेंट 'तवांगचू टाइड्स' पांच फरवरी से शुरू होगा और छह दिन की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद 10 फरवरी को समाप्त होगा। यहां होने वाले कयाकिंग टूर्नामेंट में दुनिया भर के 130 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### भारत की अगुवाई करेंगी अवनि प्रशांत

**मेलबर्न।** प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और



ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमें दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल हैं। पेशवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं में हीना कांग के साथ खेलेंगी जबकि पुरुष वर्ग में संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे।

### मुंबई मैराथन का आकर्षण होंगे हेले

**मुंबई।** गत चैंपियन और प्रतियोगिता



के रिकॉर्ड धारक इथोपिया के हेले लेमी बरहानु और एंचियालेम हेमानोट 21 जनवरी को यहां होने वाली टाटा मुंबई मैराथन के 19वें सत्र का आकर्षण होंगे। मुंबई मैराथन विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है।

## टेस्ट : तीसरे दिन पाक ने 68 रन पर गंवाए 7 विकेट

# जमाल ने पाक को दिलाई बढ़त ऑस्ट्रेलिया की जोरदार वापसी

एजेंसी ▸▸सिडनी

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया।

पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है। पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था।



### वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' (ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज को मिलने वाली कैप) यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं। वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा, 'सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं।'

### जमाल का कमाल झटके 6 विकेट

*जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है। जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिचेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया। उन्होंने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पवेलियन की राह दिखाई थी।*

## आस्ट्रेलिया ने भारत को शीर्ष स्थान से हटाया

एजेंसी ▸▸दुबई

केपटाउन में सात विकेट की जीत से दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला ड्रा कराने के बावजूद भारत को शुक्रवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान से हटा दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर चल रही तीन मैच की श्रृंखला में पाकिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है जिसकी मदद से टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रही। श्रृंखला का तीसरा मैच सिडनी में खेला जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, 'आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर एक टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिये शीर्ष पर रहा था।' रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास आस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे। लेकिन



दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से पिछड़ गयी। आईसीसी ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने और आस्ट्रेलिया के पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच में जीत से पैट कमिंस की टीम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गयी। विज्ञप्ति के अनुसार, 'यह आस्ट्रेलिया के लिए साल की ताजा उपलब्धि है, उसने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जीत हासिल की थी।'

## महिला टीम ने 9 विकेट से जीता पहला टी20 मैच

# भारत की आस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी जीत


**नवी मुंबई।** भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। भारत ने आस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 141 रन पर समेट दिया। इसके बाद मंधाना और शेफाली के अर्धशतकों से 17.4 ओवर में एक विकेट पर 145 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। यह विकेट के लिहाज से भारत की आस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी जीत है। टिटास साधू (चार विकेट) के कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (54 रन) और शेफाली वर्मा (नाबाद 64 रन) के बीच पहले विकेट



के लिए 137 रन की साझेदारी की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की। शेफाली ने टी20 में अपना पांचवां अर्धशतक जड़ा। मंधाना भी शानदार लय में दिखीं, उन्होंने अपना 27वां अर्धशतक और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सातवां अर्धशतक जमाया। वहीं मंधाना कप्तान हरमनप्रीत कौर के बाद 3,000 रन का आंकड़ा पारी करने वाली दूसरी भारतीय और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में कुल छठी बल्लेबाज बनीं।

### मेलबर्न के विकेटकीपर हार्पर को सिर में चोट

**मेलबर्न।** बिग बैश लीग की टीम मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर सैम



हार्पर को शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ट्रेनिंग सत्र के दौरान सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। हार्पर सिर में चोट लगने के बाद होश में थे और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें एंबुलेंस में अस्पताल ले जाया गया जहां रात को उनके स्कैन किए जाएंगे। जानकारी मिलने पर वह खिलाड़ी के स्वास्थ्य को लेकर अपडेट देंगे।

### ओलंपिक क्वालीफायर करो या मरो का मुकाबला

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन यहां 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश शीर्ष तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। सविता ने कहा, 'टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।'

# कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में शामिल

एजेंसी ▸▸दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के



पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। कोहली ने 2023 में टेस्ट और वनडे में 35 मैच में 2048 रन बनाए जिसमें विश्व कप के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने वाला 50वां एकदिवसीय शतक भी शामिल है। जडेजा ने 35 मैच में 613 रन बनाने के अलावा 66 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 विकेट चटकाए थे।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.-2686/2024

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

| S. No. | Tender Specification No. | RFX No. of E- Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16-06/ DSPM TPS/ S&P/ EMD/ T-2966/24 | 8100035448 | Rewinding of LT motors & Submersible pump motors (as per schedule) of DSPM TPS, Korba (East). | As per Tender Schedule | 24.01.2024 15:30 Hrs. | 8,876/- | 590/- (including GST @ 18%) |

For more details, Tender schedule, Scope of work/supply, QR & Tender Documents, visit our website: –https://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal OR https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SUPRINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

SAVE ELECTRICITY

OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, BILASPUR
2ND FLOOR, VIKAS BHAWAN, NEHRU CHOWK
Phone No. 07752-222642, Fax : 07752-413888
Website - www.bilaspurnagarnigam.com, e-mail - commissionerbmcbilaspur@gmail.com

2ND CALL E-PROCUREMENT - REQUEST FOR PROPOSAL

No. 95/BMC/SEWERAGE/2023-24 Bilaspur Dated 05/01/2024

BMC invites for Online Proposals from Eligible and experienced Bidders are invited for the following works:-

| System Tender No. | Name of work | PAC (in Lacs) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 151027 | Construction of balance Property Chambers, laying of net work along with house connection upto existing sewer network in Zone - 1A & Zone -2 and Road Restoration works in Bilaspur Municipal Corporation Area **(Difference value recoverable from Simplex deposit)** | 1391.00 | 23/01/24 |
| 151028 | Cleaning & Hydro-testing of already laid sewer network, Repairing of defective works of Sewer pipe networks including connection of existing property chambers with Road Restoration works in Bilaspur Municipal Corporation Area **(Fully recoverable from Simplex deposit)** | 734.00 | 23/01/24 |

Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in**

Executive Engineer
BMC, Bilaspur (C.G.)

Green City, Clean City - Dream City.

cmpdi
A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँक रोड राँची - 834031, झारखंण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग ■ जबलपुर मंडल
ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआर लीजिंग ठेका

क्र. जबल/सी/170/ई–ऑक्शन/विविध/24 दिनांकः 03.01.2024

**वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर** द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओं से ई–ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआर लीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई–ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणीः पार्सल लीजिंग। कैटेलागः** JBP-C-Parcel-34. **एसेट विवरणः** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12194, 11265, 12160, 05705, 11651, 18248, 11754, 22938, 11703, 11756, 22190, 22192, 12186, 22174, 12427, 05703, 22188, 22162, 12062, 20906, 11464, 11705, 22189, 11706, 12192, 12181, 11751, 19014 के एसएलआर लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभः** 18.01.2024, 10.00 Hrs. **ऑक्शन समापनः** 18.01.2024, 16.00 Hrs. **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई–ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **2.** उक्त ई–ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई–ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई–ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई–ऑक्शन में भाग ले सकते है। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई–ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रुप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहे।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

AXIS BANK
एक्सिस बैंक लिमिटेड
ए.सी.मार्केट, चौथी मंजिल, 1, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700071
सार्वजनिक सूचना– बंधक रखी गई स्वर्ण संपत्तियों की ई–नीलामी

विशेष रूप से ऋणधारकों और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित करने का प्रस्ताव है।

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने सुरक्षा के लिए बैंक के पक्ष में सोने के आभूषणों ('गोल्ड लोन सुविधा') को गिरवी रखकर एक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाया है। उधारकर्ताओं/जमानतदारों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें ऋणधारकों /जमानतदारों को प्राप्त स्वर्ण ऋण सुविधा के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। चूंकि ऋणधारक/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में विफल रहे हैं, बैंक प्रतिज्ञा को लागू करने के लिए बाध्य है और 16-01-2024 को (दिनांक) दोपहर 12.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे (ई-नीलामी का समय) यहां संपत्ति की अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की ई-नीलामी बिक्री 'जैसा कि जहां है, 'जैसा है जो है', 'जो कुछ भी है" और 'नो रिकोर्स बेसिस' आधार पर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।

**ऋणधारकों और बकाया राशि का विवरण:–**

| शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | मांग सूचना की तिथि | कुल वजन ग्राम | शुद्ध वजन ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंबिकापुर (सिटी) | संगीता सिंह | XXXXXXXXXXX9602 | 104257 | 30 - मई - 23 | 34.100 | 32.300 |
| अंबिकापुर (सिटी) | राम रत्नी | XXXXXXXXXXX7652 | 29645 | 30 - मई - 23 | 10.200 | 10.100 |
| बैकुंठपुर (सिटी) | धीरज कुमार साहू | XXXXXXXXXXX3444 | 53331 | 08 - मार्च - 23 | 11.790 | 11.790 |
| बीजापुर (सिटी) | रेणु नेताम | XXXXXXXXXXX8935 | 85976 | 30 - मई - 23 | 23.400 | 23.200 |
| जगदलपुर (सिटी) | सोनी सिंह | XXXXXXXXXXX0510 | 137644 | 30 - मई - 23 | 39.100 | 38.400 |
| जगदलपुर (सिटी) | एम.राजेश्वरी नायडू | XXXXXXXXXXX8797 | 567748 | 10-अक्टू.- 23 | 160.800 | 155.000 |
| जमनीपाली कोरबा (सिटी) | मोहम्मद शमशाद | XXXXXXXXXXX9799 | 45898 | 30 - मई - 23 | 15.600 | 14.100 |
| जमनीपाली कोरबा (सिटी) | कुन्ती देवी | XXXXXXXXXXX7682 | 89793 | 30 - मई - 23 | 29.900 | 26.910 |
| जमनीपाली कोरबा (सिटी) | सुरभि पाटले | XXXXXXXXXXX0674 | 485449 | 10-अक्टू.- 23 | 143.100 | 120.500 |
| काँकेर केएनके (सिटी) | मधु पिस्दा | XXXXXXXXXXX6978 | 27527 | 30 - मई - 23 | 10.000 | 9.400 |
| कवर्धा (सिटी) | रामकुमार सेन | XXXXXXXXXXX5828 | 36036 | 30 - मई - 23 | 10.720 | 10.600 |
| खरसिया खि. (सिटी) | बलराम खैरवार | XXXXXXXXXXX1493 | 105029 | 30 - मई - 23 | 29.700 | 29.500 |
| कोण्डागांव सी 6079 (सिटी) | पुष्पलता देवांगन | XXXXXXXXXXX1484 | 184919 | 30 - मई - 23 | 55.300 | 54.800 |
| नगरी सी 3247 (सिटी) | दुलचंद नेताम | XXXXXXXXXXX2839 | 59414 | 30 - मई - 23 | 17.400 | 17.200 |
| रायपुर (सिटी) | देबोलीना चंदा | XXXXXXXXXXX9098 | 201185.47 | 28- अग.- 23 | 58.100 | 57.100 |
| रायपुर (सिटी) | शिखा चौहान | XXXXXXXXXXX5116 | 126367.69 | 25-अक्टू.- 23 | 37.900 | 36.000 |
| राजनांदगाँव (सिटी) | करुणा साहू | XXXXXXXXXXX4996 | 115010 | 30 - मई - 23 | 36.300 | 35.050 |
| सारंगढ़ सी 4585 (सिटी) | कमल साहू | XXXXXXXXXXX8464 | 31931 | 30 - मई - 23 | 9.700 | 9.060 |
| तुलसी टीयूएस (सिटी) | लोकेश वर्मा | XXXXXXXXXXX9831 | 55711 | 10-अक्टू.- 23 | 14.580 | 14.200 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/नीलामी तिथि बदलने का अधिकार है। नीलामी दोपहर 12.30 बजे से 3.30 बजे (समय) के बीच ऑनलाइन https://gold.samil.in (ऑनलाइन विक्रेता की वेबसाइट) पर आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट : https://gold.samil.in (ऑनलाइन विक्रेता की वेबसाइट) पर लॉग इन करें।

दिनांक: 06/01/2024
स्थान : कोलकाता

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड





स्वाद

खाने के शौकीनों के नए प्रयोग सोशल मीडिया पर वायरल

# रसगुल्ला चाय, पाइनएपल मोमोज खाने के साथ अजीबोगरीब एक्सपेरिमेंट

खाना एक ऐसा विषय है जिसे लेकर लोग हमेशा से ही प्रयोग करते रहे हैं। वहीं, खाने के शौकीन लोगों को नई चीजें ट्राई करना और अपने स्वाद के लिए नए-नए प्रयोग करना काफी पसंद होता है।

लोगों ने खाने की चीजों के साथ कई अजीबोगरीब प्रयोग किए, जिनके कई वीडियोज भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। चलिए हम आपको उन अजीबोगरीब फूड्स और उनके कॉम्बो के बारे में बताते हैं जो 2023 में ट्रेंड में रहे थे

## मैंगो पानी पुरी

भारत का सबसे मशहूर स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगभग हर किसी का पसंदीदा है। अक्सर आपने गोलगप्पे के ठेलों और दुकानों भीड़ देखी होगी और लोगों को अलग-अलग स्वाद और फ्लेवर वाले पानी के साथ गोलगप्पे खाते हुए भी देखा होगा। लेकिन क्या आपने कभी आम के रस के साथ गोलगप्पा खाया है? मुंबई के एक पानी पुरी वाले को इस नए फ्लेवर के साथ गोलगप्पे बेचते देखा गया, जिसका वीडियो काफी वायरल हुआ।

## रसगुल्ला चाय

भारत में सबसे अधिक पीया जाने वाला पेय पदार्थ है और अधिकांश लोगों का पसंदीदा चाय के साथ भी लोगों ने प्रयोग किया है। एक्टर आशीष विद्यार्थी ने अपने इंस्टाग्राम पर कोलकाता में रसगुल्ला चाय बेचने वाले एक स्टोर का वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में मिट्टी के कप में रसगुल्ले को गर्मागरम चाय में भिगो कर देते दिखाया गया है।



## चॉकलेट पकौड़े

बारिश के मौसम में लगभग हर किसी को पकौड़े यानी भजिया खाने का मन करता होगा। अलग-अलग तरह की सब्जियों को बेसन के पेस्ट में लपेटकर डीप फ्राई किए जाने वाले इन पकौड़ों को लोग चटनी और चाय के साथ खाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी चॉकलेट पकौड़े खाए हैं? हैदराबाद में पकौड़े बेचने वाले एक दुकानदार को बेसन के घोल में डेयरी मिल्क चॉकलेट की कोटिंग करके पकौड़े बनाते देखा गया था।



## पाइनएप्पल मोमोज

मोमोज का नाम सुनते ही मुंह में पानी आना आम बात है और सामने अगर तीखी चटनी आ जाए तो मजा दोगुना हो जाता है। भाप पर पकाए जाने वाले मोमोज के अंदर सब्जियां और फिर चिकन-मटन डालकर स्टफिंग की जाती है। लेकिन क्या आपने पाइनएप्पल स्टफ्ड मोमोज खाए हैं? सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक दुकानदार अनानास को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मोमोज में भरकर डीप फ्राई करता नजर आ रहा था।

## चॉकलेट आमलेट



अजीबोगरीब फूड कॉम्बिनेशन में एक नाम चॉकलेट ऑमलेट का भी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में एक स्ट्रीट वेंडर ने अजीब तरीके से डेयरी मिल्क ऑमलेट परोस कर लोगों को हैरान कर दिया। सामान्य ऑमलेट की तरह दुकानदार ने पहले अंडे के साथ प्याज, टमाटर और मिर्च का मिश्रण तैयार किया और फिर इसमें डेयरी मिल्क डालकर बटर के साथ पकाया। इतना ही नहीं, दुकानदार ने इस ऑमलेट को चॉकलेट सिरप और मेयोनेज के साथ परोसा। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों के काफी मिक्सड रिएक्शन देखने को मिले।


# दो मिनट की गूगल मीट पर की पूरे स्टाफ की छंटनी

कुछ समय पहले एक कंपनी द्वारा जूम कॉल पर अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की खबर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी थी। अब एक और कंपनी ने ऐसा किया है लेकिन अंतर ये है कि कंपनी ने पूरे स्टाफ की छंटनी कर दी है। दरअसल प्रोपटेक कंपनी फ्रंटडेस्क ने दो मिनट की गूगल मीट पर अपने पूरे स्टाफ को नौकरी से निकाल दिया है। इस फैसले से कंपनी के सभी 200 कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। इनमें कंपनी के फुल टाइम कर्मचारी, पार्ट टाइम कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्टर्स भी शामिल हैं। नौकरी खोने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि इस फैसले से सभी लोग हैरान रह गए। फ्रंटडेस्क की शुरुआत साल 2017 में हुई थी और यह कंपनी अमेरिका में 1000 से ज्यादा फर्निश्ड अपार्टमेंट को मैनेज करती है।



## दिवालिया होने के कगार पर कंपनी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्रंटडेस्क एक स्टार्टअप बिजनेस मॉडल कंपनी है, जो अपार्टमेंट को किराए पर देने का काम करती है। कंपनी 30 से ज्यादा मार्केट में ऑपरेट करती है, लेकिन बीते कुछ समय से कंपनी को बढ़ती लागत और डिमांड में भारी उतार-चढ़ाव के चलते चुनौती का सामना कर रही है।








# चालान काट रहे पुलिसकर्मी की गाड़ी पर ही नंबर प्लेट नदारद

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के कैमूर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जहां पुलिसकर्मी चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पहने टू व्हीलर चालकों का चालान काट रहे हैं और नियम पालन करने की हिदायत दे रहे हैं।

इस दौरान पास में ही पुलिस की एक गाड़ी खड़ी थी जिसमें नंबर प्लेट नहीं थी। जब मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी से पूछा कि पुलिस की इस गाड़ी का भी चालान कटेगा तो पहले पुलिसकर्मी इधर-उधर ताकझांक करने लगा। फिर से सवाल पूछने पर उसने कहा कि पुलिस की गाड़ी का भी चलान कटेगा।



**पुलिस की गाड़ी पर नहीं थी नंबर प्लेट**

बता दें, एसपी के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। मोहनिया शहर के अमरपुरा गांव के पास गाड़ी से आए पुलिस पदाधिकारी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाकर एक दर्जन से अधिक बाइक चालकों पर जुर्माना लगाया जा रहा था। लेकिन नियमों के पाठ पढ़ाने आए पदाधिकारी की गाड़ी पर ही नंबर प्लेट नहीं थी।

## एसपी के निर्देश पर चलाया जा रहा है अभियान

इस मामले पर पीएसआई नवीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहनिया शहर के अमरपुरा के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वालों का चालान काटा जा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि आप जिस गाड़ी से आए हैं उस गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं है तो उस पर क्या जुर्माना होगा तो साहब वहां से भागने लगे।

















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com